भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in


**आरबीआई/2014-15 / 77** **1 जुलाई 2014**

**बैंपविवि. सं. बीएपीडी.बीसी. 7/22.01.001/2014-15** **10 आषाढ़ 1935(शक)**

**सभी वाणिज्य बैंक**
**(क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर)**

महोदय

**बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 23 - शाखा प्राधिकरण के संबंध में मास्टर परिपत्र**

कृपया 1 जुलाई 2013 का मास्टर परिपत्र बैंपविवि. सं. बीएपीडी. बीसी. 18/22.01.001/2013-14 देखें जिसमें 30 जून 2013 तक बैंकों को शाखा प्राधिकरण पर जारी अनुदेशों /दिशानिर्देशों को समेकित किया गया है। उपर्युक्त को 30 जून 2014 तक जारी अनुदेशों को शामिल करते हुए यथोचित रूप से अद्यतन कर दिया गया है। संशोधित मास्टर परिपत्र की प्रति संलग्न है। यह मास्टर परिपत्र भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (http://www.rbi.org.in) पर भी उपलब्ध है।

2. विदेशी बैंक इस मास्टर परिपत्र के पैरा 3.3 से मार्गदर्शन प्राप्त करें।

भवदी

(लिली वडेरा)
मुख्य महाप्रबंधक


Department of Banking Operations and Development, Central Office, 13 th Floor , Central Office Building,,Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001
टेलिफोन /Tel No: 91-022- 22661602/22601000 फैक्स/Fax No: 91-022-22701224 Email ID: cgmicdbodco@rbi.org.in

विषय-वस्तु


| पैरा सं. | विषय | पृ. सं. |
|---|---|---|
| क. | उद्देश्य | 3 |
| ख. | वर्गीकरण | 3 |
| ग. | पिछले दिशानिर्देशों का समेकन | 3 |
| घ. | प्रयोज्यता | 3 |
| ङ | संरचना | 4 |
| 1 | भूमिका | 4 |
| 2. | परिभाषा | 4 |
| 3. | शाखा प्राधिकरण नीति | 4 |
| क | शाखाएं खोलना | 5 |
| ख | केंद्रों का प्रतिस्थापन | 14 |
| ग | शाखाओं का स्थान बदलना | 15 |
| घ | शाखाओं का परिवर्तन | 18 |
| ङ | शाखाओं का विलयन | 19 |
| च | शाखाएं बंद करना | 20 |
| 4. | ऑफ साइट/मोबाइल एटीएम स्थापित करना - सामान्य अनुमति | 21 |
| 5. | मोबाइल शाखाएँ | 23 |
| 6. | केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र/बैक ऑफिस स्थापित करना | 23 |
| 7. | कॉल सेंटर | 24 |
| 8. | व्यवसाय सुविधाप्रदाता / व्यवसाय प्रतिनिधि | 24 |
| 9. | दरवाजे पर (डोर स्टेप) बैंकिंग | 32 |
| 10. | परिसरों का अभिग्रहण | 32 |
| 11. | केंद्रों का जनसंख्या समूह-वार वर्गीकरण | 33 |
| 12. | भारतीय रिज़र्व बैंक को सूचना देना | 34 |
| अनुबंध -1 | वित्त वर्ष के दौरान एबीईपी के अधीन खोली गई शाखाओं का ब्योरा | 35 |

| | | |
|---|---|---|
| अनुबंध - 2 | जनसंख्या के आधार पर केंद्रों के टियर-वार वर्गीकरण का ब्यौरा | 37 |
| अनुबंध -3 | अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले ज़िलों की सूची | 38 |
| अनुबंध -4 | अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले राज्यों में अपर्याप्त बैंकिंग सुविधावाले जिलों की सूची | 44 |
| अनुबंध -5 | एक केंद्र से दूसरे केंद्र में शाखाओं के स्थान बदलने के प्रस्ताव के लिए फॉर्मेट | 48 |
| अनुबंध -6 | शाखाओं के विलयन के प्रस्ताव के लिए फॉर्मेट | 49 |
| अनुबंध -7 | शाखाएं बंद करने के प्रस्ताव के लिए फॉर्मेट | 50 |
| अनुबंध -8 | बैंकों द्वारा ऑफ साइट एटीएम के परिचालन के लिए रिपोर्टिंग का फॉर्मेट | 51 |
| अनुबंध -9 | प्रोफार्मा 1 तथा प्रोफार्मा II | 52 |
| अनुबंध -10 | मोबाइल शाखाओं/कार्यालयों/मोबाइल एटीएम में परिचालन आरम्भ करने की सूचना देने के लिए फार्मेट | 79 |
| अनुबंध –11 क | फॉर्म VI - व्यवसाय का नया स्थान प्रारंभ करने की अनुमति के लिए आवेदन पत्र | 80 |
| अनुबंध –11 ख | खोलने के लिए प्रस्तावित शाखाओं का संक्षिप्त विवरण | 84 |
| अनुबंध – 11 ग | अपर्याप्त बैंकिंग सुविधावाले जिलों/अपर्याप्त बैंकिंग सुविधावाले जिलों को छोड़कर अन्य जिलों में विद्यमान शाखाओं की राज्यवार, जनसंख्या समूहवार संख्या | 86 |
| अनुबंध -11 घ | अपर्याप्त बैंकिंग सुविधावाले जिलों/अपर्याप्त बैंकिंग सुविधावाले जिलों को छोड़कर अन्य जिलों में विद्यमान एटीएम की राज्यवार, जनसंख्या समूहवार संख्या | 87 |
| अनुबंध -11 ङ | विद्यमान विस्तार पटलों की राज्यवार, जनसंख्या समूहवार संख्या | 88 |
| अनुबंध -11 च | विशेषीकृत शाखाओं का सामान्य शाखाओं में तथा सामान्य शाखाओं का विशेषीकृत शाखाओं में परिवर्तन संबंधी सूचना | 89 |
| अनुबंध -11 छ | वार्षिक शाखा विस्तार योजना के साथ प्रस्तुत की जानेवाली सूचना | 90 |
| अनुबंध -11 ज | सामान्य अनुमति के अंतर्गत टियर 2 से टियर 6 तक के केंद्रों में शाखाएं खोलने के लिए रिपोर्टिंग फार्मेट | 94 |
| अनुबंध -11 झ | किसी विस्तार काउंटर के अनुरोध के लिए बैंक द्वारा दिये जाने वाले ब्यौरे (ङ.ग.) | 95 |
| परिशिष्ट | मास्टर परिपत्र में समेकित परिपत्रों की सूची | 100 |

**शाखा प्राधिकरण पर मास्टर परिपत्र**

**क. उद्देश्य**

बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 23 के प्रावधानों के अनुरूप भारत में शाखाएँ खोलने /बंद करने /स्थान बदलने के लिए बैंकों द्वारा पालन करने के लिए नियम /विनियमन/क्रियाविधि का ढाँचा प्रदान करना।

**ख. वर्गीकरण**

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए सांविधिक दिशानिर्देश।

**ग. पिछले दिशानिर्देशों का समेकन**

यह मास्टर परिपत्र परिशिष्ट में सूचीबद्ध परिपत्रों में निहित अनुदेशों को अद्यतन करता है।

**घ. प्रयोज्यता**

स्थानीय क्षेत्र बैंकों सहित सभी वाणिज्य बैंक (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर)

**ङ. संरचना**

1. भूमिका
2. परिभाषा
3. शाखा प्राधिकरण नीति

क शाखाएँ खोलना
ख केंद्रों का प्रतिस्थापन
ग शाखाओं का स्थान बदलना
घ शाखाओं का स्थान बदलना...
ङ शाखाओं का परिवर्तन
च शाखाओं का विलयन
छ शाखाएँ बंद करना

4. ऑफ साइट एटीएम स्थापित करना - सामान्य अनुमति
5. मोबाइल शाखाएं
6. केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र / बैक ऑफिस की स्थापना
7. कॉल सेंटर
8. व्यावसायिक सुविधाप्रदाता /व्यावसायिक प्रतिनिधि मॉडल
9. दरवाजे पर (डोर स्टेप) बैंकिंग
10. परिसरों का अभिग्रहण
11. केंद्रों का जनसंख्या समूह-वार वर्गीकरण
12. भारतीय रिज़र्व बैंक को सूचना देना

## 1. भूमिका

बैंकों द्वारा शाखाएं खोलने और वर्तमान शाखाओं का स्थान बदलने का कार्य बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 23 के उपबंधों से नियंत्रित होता है। इन उपबंधों के अनुसार बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना भारत में अथवा विदेश में कारोबार का नया स्थान नहीं खोल सकते हैं, न ही कारोबार के मौजूदा स्थान को, उसी शहर, कस्बे या गांव को छोड़कर, अन्यत्र ले जा सकते हैं। बैंककारी विनियमन अधिनियम की धारा 23(2) के अनुसार यह निर्धारित है कि इस धारा के अंतर्गत कोई भी अनुमति प्रदान करने से पहले भारतीय रिज़र्व बैंक को धारा 35 के अंतर्गत निरीक्षण करके अथवा अन्यथा बैंकिंग कंपनी की वित्तीय स्थिति और इतिहास, उसके प्रबंध तंत्र के सामान्य स्वरूप, उसके पूंजी-ढांचे की पर्याप्तता तथा अर्जन की संभावनाओं के संबंध में तथा इस बात से संतुष्ट होना होगा कि कारोबार का नया स्थान खोलना अथवा वर्तमान स्थान में परिवर्तन करना, जैसी स्थिति हो, जनहित में होगा। इस संबंध में स्थानीय क्षेत्र बैंकों सहित वाणिज्य बैंकों को (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।
नीचे दिये गये दिशानिर्देश भारत में स्थित शाखाओं के प्राधिकरण की नीति से संबंधित हैं।

## 2. परिभाषा

शाखा प्राधिकरण नीति के प्रयोजन के लिए "शाखा" में सभी शाखाएं शामिल होंगी, अर्थात् स्वयं पूर्ण शाखाएं, विशेषीकृत शाखाएं, अनुषंगी (सेटलाइट) कार्यालय, मोबाइल शाखाएं, विस्तार पटल, ऑफसाइट एटीएम (स्वचालित टेलर मशीन), प्रशासनिक कार्यालय, नियंत्रक कार्यालय, सेवा शाखाएं (बैक ऑफिस या प्रसंस्करण केंद्र) आदि।
कॉल सेंटर को शाखा के रूप में नहीं माना जाएगा। कॉल सेंटर वह है जहां ग्राहक को टेली-बैंकिंग सुविधा के माध्यम से केवल खाते या उत्पाद की जानकारी दी जाती है और ऐसे केंद्रों के माध्यम से कोई बैंकिंग लेनदेन नहीं किया जाता। साथ ही, कॉल सेंटरों में ग्राहकों के साथ प्रत्यक्ष संपर्क की अनुमति नहीं है।

## 3. शाखा प्राधिकरण नीति

**(i)** शाखा प्राधिकरण को उदारीकृत और तर्कसंगत बनाने के उद्देश्य से शाखा प्राधिकरण नीति का एक ऐसा ढांचा स्थापित किया गया है जो बैंकों की मध्यावधि कार्पोरेट कार्यनीति तथा जनहित से सुसंगत होगा। बैंकिंग कंपनी की वित्तीय स्थिति और इतिहास, उसके प्रबंध तंत्र के सामान्य स्वरूप, उसके पूंजी-ढांचे की पर्याप्तता तथा अर्जन की संभावनाओं के अलावा शाखा प्राधिकरण नीति के ढांचे में नीचे दिये गये पैराग्राफों में उल्लिखित तत्व होंगे।

### क. शाखाएं खोलना

3.1 देशी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) 19 सितंबर 2013 से कतिपय शर्तों के अधीन प्रत्येक मामले में भारतीय रिज़र्व बैंक की अनुमति लेने की आवश्यकता के बिना, शाखाएं खोलने की अनुमति दी गयी है। भारत में देशी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के लिए शाखा प्राधिकरण (खोलने) संबंधी दिशानिर्देश निम्ननानुसार हैं:

(i) शाखा प्राधिकरण नीति में देश के सभी टियर केंद्रों में (टियर 1 से टियर 6 तक) शाखा खोलना शामिल है। टियर-वार जन संख्या समूह **अनुबंध 2** के अनुसार है। उससे हम देख सकते हैं कि टियर 1 में महानगर और शहरी केंद्र है, टियर 2, 3 और 4 में अर्ध-शहरी केंद्र तथा टियर 5 और 6 में ग्रामीण केंद्र शामिल हैं।

(ii) अधिक समरूप स्थानिक वितरण सुनिश्चित करने के प्रयोजन से बैंकों को कम बैंक सुविधा वाले केंद्रों में, विशेषतः कम बैंक सुविधावाले राज्यों के कम बैंक सुविधा वाले जिलों में शाखाएं खोलने के लिए प्रोत्साहन दिया जाता है। कम बैंक सुविधावाला केंद्र (जिला या राज्य) वह होगा जहां प्रति शाखा कार्यालय औसत जनसंख्या (एपीपीबीओ) राष्ट्रीय औसत से अधिक है। अतः इन केंद्रों में बैंक शाखाएं होने के बावजूद वहां वांछित संख्या में बैंक शाखाएं नहीं हैं। यद्यपि ऐसे केंद्रों में शाखाएं खोलने के लिए कोई निर्धारित संख्या नहीं है, तथापि ऐसे केंद्रों में नीचे पैरा 3.1 में दिए गए अनुसार शाखाएं खोलने के लिए बैंकों को प्रोत्साहन दिया जाता है। कम बैंक सुविधावाले राज्यों के कम बैंक सुविधा वाले जिलों की सूची **अनुबंध 4** में दी गयी है।

(iii) बैंकिंग पैठ तथा वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के उद्देश्य से बैंकिंग सुविधा रहित केंद्रों में शाखाएं खोलने की आवश्यकता है। बैंकिंग सुविधा रहित केंद्र वह है जहां किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक की ग्राहक आधारित बैंकिंग लेनदेन के लिए कोई इमारती शाखा नहीं है। अतएव, वर्तमान शाखा प्राधिकरण नीति में यह प्रावधान किया गया है कि बैंकों को नीचे पैरा (vi)(क) में दिए गए अनुसार वर्ष में कम से कम 25 प्रतिशत शाखाएं बैंकिंग सुविधा रहित ग्रामीण केंद्रों में खोलनी चाहिए।

(iv) देशी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा देश भर में टियर 1 से टियर 6 केंद्रों में शाखाएं खोलने के लिए दी गयी सामान्य अनुमति में बैंक की विशेषीकृत शाखाएं, विस्तार काउंटर, सेटलाईट कार्यालय, सेवा शाखाएं, केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) और अन्य कार्यालय/शाखाएं शामिल हैं। अतः बैंकों को किसी भी केंद्र में शाखाएं या कारोबार के अन्य स्थान या प्रशासनिक कार्यालय खोलने के लिए प्राधिकरण हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक से संपर्क करना अपेक्षित नहीं है।

(v). शाखा विस्तार के लिए वार्षिक नीति के एक भाग के रूप में बैंक वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक योजना बना सकते हैं जो बैंक के बोर्ड द्वारा मंजूर होनी चाहिए। योजना बनाते समय, बैंक, कम लागत वाली शाखाएं खोलने, फिजिकल फुटफॉल्स कम करने के लिए इंटरनेट बैंकिंग और वर्च्युअल बैंकिंग सहित प्रौद्योगिकी का अभिनव प्रयोग करने, ग्राहक सेवा में सुधार, आदि घटकों का ध्यान रख सकते हैं।

(vi) किसी वित्त वर्ष के दौरान शाखाएं नीचे दी गईं शर्तों के अधीन खोली जाएगीं। विस्तार काउन्टर, सैटेलाईट कार्यालय, मोबाइल शाखाएं, चेक प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी), सेवा केंद्र और प्रशासनिक कार्यालय किसी भी केंद्र पर बिना अनुमति के खोले जा सकते हैं और नीचे दिए गए पैरा (क) और (ख) के प्रयोजन के लिए उन्हें सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

क) वित्त वर्ष के दौरान खोली गई कुल शाखाओं (नीचे पैरा 10 में बताए अनुसार प्रोत्साहन के रूप में टियर 1 केंद्रों की शाखाओं के लिए दी गई पात्रता को छोड़कर) में से कम-से-कम 25 प्रतिशत शाखाएं बैंक-रहित ग्रामीण केंद्रों (टियर 5 और टियर 6) में खोली जानी चाहिए, अर्थात् ऐसे केंद्रों में जहां ग्राहक आधारित बैंकिंग लेनदेन के लिए किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक की कोई इमारती संरचना न हो।

ख) वित्त वर्ष के दौरान टियर 1 केंद्रों में खोली गई कुल शाखाएं (नीचे पैरा 10 में बताए अनुसार प्रोत्साहन के रूप में टियर 1 केंद्रों की शाखाओं के लिए दी गई पात्रता को छोड़कर) टियर 2 से 6 के केंद्रों में और पूर्वोत्तर राज्यों और सिक्किम में स्थित सभी केंद्रों में खोली गई कुल शाखाओं से अधिक नहीं हो सकती।

(vii) चूंकि अधिक समरूप स्थानिक वितरण सुनिश्चित करने के लिए कम बैंक सुविधा वाले राज्यों के कम बैंक सुविधा वाले जिलों में अधिक शाखाएं खोलने की सतत आवश्यकता है, इसलिए बैंकों को ऐसी शाखाएं खोलने के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। तदनुसार, बैंक [उपर्युक्त पैरा (vi) (क) और (ख) में परिभाषित अपनी पात्रता के अतिरिक्त] टियर 1 के केंद्रों में उतनी शाखाएं खोल सकते हैं जितनी उन्होंने कम बैंक सुविधा वाले राज्यों के कम बैंक सुविधा वाले जिलों के टियर 2 से टियर 6 के केंद्रों में खोली हैं। इस गणना में बैंक-रहित ग्रामीण केंद्रों में खोली गई ऐसी ग्रामीण शाखाएं शामिल नहीं हैं जो कम बैंक सुविधा वाले राज्यों के कम बैंक सुविधा वाले जिलों में स्थित हैं।

(viii) बैंक यह सुनिश्चित करें कि किसी वित्त वर्ष के दौरान खोली गई सभी शाखाओं में ऊपर दिए गए मानदंडों का अनुपालन किया गया है। यदि कोई बैंक ऊपर पैराग्राफ (vi) और (vii) के अनुसार टियर 1 के केंद्रों के लिए अपनी पात्रता के अनुरूप सभी शाखाएं खोलने में असमर्थ हो, तो वह परवर्ती दो वर्षों के दौरान ये शाखाएं खोल सकता है।

ix) ऐसे बैंक, जो किसी कारणवश वित्त वर्ष के दौरान टियर 2 से 6 के केंद्रों में कुल शाखाएं अथवा बैंक-रहित ग्रामीण केंद्रों (टियर 5 से 6 के केंद्र) में शाखाएं खोलने के अपने दायित्व को पूरा करने में असमर्थ हैं, वे अगले वित्त वर्ष में इस कमी को अवश्य दूर करें।

x) बैंकों को दिनांक 28 मई, 2013 के परिपत्र बैंपविवि. सं. बीएपीडी. बीसी.97/22.01.001/ 2012-13 के माध्यम से सूचित किया गया था कि वे अपनी वित्तीय समावेश योजना (एफआईपी) के सम-आवधिक तीन वर्षीय चक्र में बैंकिंग सुविधा रहित ग्रामीण केन्द्रों में शाखाएँ खोलने का कार्य शुरू में ही पूरा करने (प्राथमिकता देने) के बारे में विचार कर सकते हैं। इसलिए, उस वर्ष के दौरान खोली गयी कुल शाखाओं के अपेक्षित 25 प्रतिशत से अधिक बैंकिंग सुविधा रहित ग्रामीण केंद्रों में खोली गई शाखाओं के लिए क्रेडिट दिया जाना जारी रहेगा और इसे वित्तीय समावेश योजना (एफआईपी) के आगामी वर्ष में मानदंड हासिल करने के लिए शामिल किया जाएगा।

xi) बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में जहां शाखाएं खोलना व्यवहार्य नहीं पाते हैं, वहां वे सैटेलाइट कार्यालय खोल सकते हैं। बैंकों द्वारा सैटेलाइट कार्यालय खोलने के लिए निम्नलिखित दिशानिर्देशों का पालन किया जाना चाहिए:

क. सैटेलाइट कार्यालय आसपास के गांवों में पुख्ता परिसर में स्थापित किए जाने चाहिए तथा एक केंद्रीय ग्राम/ ब्लॉक मुख्यालय में स्थित एक मूल शाखा से नियंत्रित तथा परिचालित किए जाने चाहिए।

ख. प्रत्येक सैटेलाइट कार्यालय को सप्ताह में कुछ विनिर्दिष्ट दिनों (कम से कम दो बार) पर विनिर्दिष्ट घंटों के लिए कार्य करना चाहिए।

ग. इन कार्यालयों में सभी प्रकार के बैंकिंग लेनदेन किए जाने चाहिए।

घ. सैटेलाइट कार्यालय के ग्राहकों को ऐसे कार्यालयों के परिचालन न करने के दिनों पर मूल शाखा से लेन देन का कार्य करने की अनुमति होनी चाहिए।

ङ. प्रत्येक सैटेलाइट कार्यालय के लिए अलग बहियां/पंजी/स्क्रोल रखे जाने चाहिएं, किंतु इन कार्यालयों में किए गए सभी लेनदेन मूल शाखा की खाता बहियों में शामिल किए जाने चाहिए।

च. मूल शाखा से संबद्ध स्टाफ, विशेषत: पर्यवेक्षी स्टाफ का एक सदस्य, एक कैशियर व लिपिक तथा एक सशस्त्र गार्ड को सैटेलाइट कार्यालय में प्रतिनियुक्त किया जाना चाहिए।

छ. फर्नीचर, कैश इन ट्रांजिट आदि का बीमा कराने के लिए समुचित व्यवस्थाएं की जाएं।

**xii)** बैंक जिन संस्थाओं के प्रधान बैंकर हैं, ऐसी संस्थाओं के परिसरों में विस्तार पटल खोल सकते हैं। विस्तार पटल ऐसे बड़े कार्यालयों/फैक्टरियों, अस्पतालों, मिलिटरी इकाइयों, शैक्षणिक संस्थाओं आदि के परिसरों के भीतर खोले जा सकते हैं, जहां स्टाफ/ कर्मी, विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में भर्ती हो तथा जिन्हें अपने एक जैसे कार्यसमय तथा उचित दूरी पर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध न होने के कारण अपने बैंकिंग लेनदेन करने में कठिनाई होती हो। विस्तार पटलों द्वारा सीमित प्रकार का बैंकिंग कारोबार किया जाना चाहिए, जैसे,

- जमा/आहरण लेनदेन,
- ड्राफ्ट तथा मेल अंतरण जारी करना तथा नकदीकरण,
- यात्री चेक जारी करना तथा नकदीकरण,
- उपहार चेकों की बिक्री,
- बिलों की वसूली,
- अपने ग्राहकों की सावधि जमाओं पर अग्रिम देना (विस्तार पटल से संबंधित अधिकारियों की मंजूरी देने की क्षमता के भीतर),
- सुरक्षित जमा लॉकर की सुविधा (बशर्ते समुचित सुरक्षा व्यवस्था की जाए),
- अपने ग्राहकों को निक्षेपागार सुविधाएं देना, बशर्ते बैंक सेबी के पास निक्षेपागार सहभागी के रूप में पंजीकृत हो। विस्तार पटल को अमूर्त प्रतिभूतियां गिरवी रख कर ऋण सुविधा, या प्रतिभूति उधार देने या उधार लेने की सुविधा नहीं देनी चाहिए।

इसके अलावा, यदि विस्तार काउंटर सरकारी कारोबार करना चाहता है तो उसे संबधित सरकारी प्राधिकारी तथा सरकारी और बैंक लेखा विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय का पूर्व अनुमोदन लेना होगा | आवासीय कालोनियों, शापिंग काम्प्लेक्स, बाजार और धार्मिक स्थलों आदि पर विस्तार काउंटर खोलने की अनुमति नहीं दी जाती है |

xiii) 31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए, वर्ष के दौरान वास्तव में खोली गयी शाखाओं की एक वार्षिक रिपोर्ट, बैंक के बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करनी चाहिए और बैंकिंग परिचालन और विकास, भारतीय रिजर्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय, (बैंपविवि,केंका), शहीद भगत सिंह मार्ग, मुंबई 400001, को अनुलग्नक 1 में दिए गए प्रारूप के अनुसार उस वर्ष के 30 जून तक भेजी जानी चाहिए।

ऊपर्युक्त शर्तों के अनुसार शाखाएं खोलने के बारे में अनुपालन की बैंक के वित्तीय निरीक्षण तथा वित्तीय समावेशन योजना की चर्चा के दौरान जांच की जाएगी।

(xiv) ऊपर उल्लिखित सामान्य अनुमति उपर्युक्त पैरा vi तथा vii में दिए गए पैरामीटर और संबंधित बैंक के संबंध में विनियामक/ पर्यवेक्षीय निश्चिंतता पर निर्भर करेगी। उपर्युक्त मानदंड पूर्ण न करने वाले बैंकों तथा उपर पैरा vi और ix में दिए गए दायित्व निभाने में असफल बैंकों को दी गयी सामान्य अनुमति रोक रखने तथा दंडात्मक उपाय करने का विकल्प भारतीय रिज़र्व बैंक के पास  होगा।

3.2 घरेलू अनुसूचित वाणिज्य बैंक तथा स्थानीय क्षेत्र के बैंक (एलएबी) जिनसे सामान्य अनुमति वापस ले ली गयी है, नयी शाखा / कार्यालय खोलने के लिए  अनुबंध 11 क में दिए गए फॉर्म VI के अनुसार वार्षिक आधार पर आवेदन प्रस्तुत करके पहले की तरह बैंपविवि, केंका, भारिबैं, से पूर्वानुमति लेना जारी रखें।

i) बैंकों को चाहिए कि वे वार्षिक आधार पर उन सभी संवर्गों की  शाखाएं खोलने, बंद करने, उनके स्थान बदलने, विलयन और परिवर्तन के   प्रस्ताव के समेकित ब्यौरे सहित वार्षिक शाखा विस्तार योजना प्रस्तुत करें, जिसके लिए भारतीय रिज़र्व बैंक से पूर्वानुमति लेना आवश्यक है।  प्रस्तावित शाखाएँ खोलने का संक्षिप्त विवरण **अनुबंध 11ख** में दिए गए प्रोफार्मों के अनुसार द्विभाषी फार्मेट में प्रस्तुत किया जाए। इसके साथ-साथ **अनुबंध 11 (क, ख, ग घ और ङ)** में मांगी गयी सूचना भी भेजी जाए। समेकित प्रस्ताव के अनुमोदन के बाद विनिर्दिष्ट केन्द्रों में शाखाएं खोलने के लिए अलग-अलग  प्रस्ताव, जहां रिज़र्व बैंक का अनुमोदन अपेक्षित है,  बैंककारी विनियमन (कंपनी नियम), 1949 के नियम 12 के अनुसार निर्धारित फॉर्म VI में बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाना चाहिए। फार्म VI का प्रोफार्मा अनुबंध -11क में संलग्न है। उक्त फार्म VI प्रशासनिक कार्यालय /नियंत्रक कार्यालय, क्रेडिट कार्ड केंद्र और बैक ऑफिस/ प्रसंस्करण केंद्र  के संबंध में प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है ।

ii) बैंक अपनी वार्षिक शाखा विस्तार योजना वर्ष में किसी भी समय प्रस्तुत करने के लिए स्वतंत्र हैं। इसे वित्तीय वर्ष अथवा कैलेंडर वर्ष के साथ संबद्ध नहीं किया गया है। उपर्युक्त के बावजूद, बैंक किसी भी अत्यावश्यक प्रस्ताव के लिए, विशेषकर ग्रामीण/ अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले क्षेत्रों (ज़िलों) में शाखाएं खोलने के लिए वार्षिक शाखा विस्तार योजना के अंतर्गत दिए गए अनुमोदनों के अतिरिक्त, वर्ष में किसी भी समय, भारतीय रिज़र्व बैंक से संपर्क कर सकते हैं जिन पर गुण-दोष के आधार पर विचार किया जाएगा । चूंकि  एबीईपी की परिकल्पना इसलिए की गयी थी ताकि बेंक अपनी मध्यावधिक रणनीति के अंग के रूप में अपने शाखा विस्तार की योजना बना सकें, ऐसी अपेक्षा की जाती है कि इस प्रकार के प्रस्ताव बार-बार नहीं भेजे जाएंगे।

iii) वार्षिक शाखा विस्तार योजना (एबीइपी) तथा इस संबंध में रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत किए जानेवाले अन्य प्रस्ताव बैंक के निदेशक मंडल से या अन्य ऐसे प्राधिकारी जिसे बैंक के निदेशक मंडल ने शक्तियां प्रदान की हो, से अनुमोदित होना चाहिए। बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस प्रकार के अनुमोदन की अधिप्रमाणित/ प्रमाणित प्रतिलिपि इन प्रस्तावों के साथ अनिवार्य रूप में प्रस्तुत की जाती है।

iv) प्रदान किए गए प्राधिकरण की वैधता प्राधिकरण/अनुमति का समेकित पत्र जारी करने की तारीख से एक वर्ष की अवधि तक होगी ।

सामान्य तौर पर प्राधिकरण की वैधता अवधि बढ़ाई नहीं जाएगी । तथापि यदि बैंक एक वर्ष की वैधता अवधि के भीतर किसी वास्तविक कारण से कोई विशिष्ट शाखा खोलने में असमर्थ है, तो वह प्राधिकरण की वैधता समाप्त होने से पहले भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग/ बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय (महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के मामले में) से समय बढ़ाने, जो कि एक वर्ष से अधिक नहीं होगा, के लिए संपर्क कर सकता है । जिन केंद्रों पर बैंक प्राधिकरण अवधि अर्थात् एक वर्ष (अथवा अतिरिक्त एक वर्ष की बढ़ायी गई अवधि, जैसी भी स्थिति हो) के भीतर शाखा नहीं खोलता है तो प्रदान की गई अनुमति अपने आप रद्द हो जाएगी और यदि बैंक उस केंद्र पर फिर भी शाखा खोलना चाहता है तो उसे अगली वार्षिक शाखा विस्तार योजना में शामिल करना चाहिए।

(v) जहां तक नीतिगत ढांचे के जनहित आयामों का संबंध है, प्राधिकरण संबंधी अनुरोधों पर कार्रवाई के दौरान निम्नलिखित पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा :

(क) बैंकों की शाखाएं खोलने के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार करते समय भारतीय रिज़र्व बैंक, इस बात पर अधिक बल देगा कि बैंकों द्वारा आम जनता, विशेषकर अपर्याप्त बैंकिंग सुविधाओं वाले क्षेत्रों (ज़िलों) के सामान्य व्यक्तियों को दी गई बैंकिंग सुविधाओं के स्वरूप और व्याप्ति, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को वास्तविक ऋण-प्रवाह, उत्पादों का मूल्यन तथा उचित नये उत्पाद प्रारंभ करने और बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए उन्नत तकनीक का प्रयोग करने के साथ-साथ वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए किए गए समग्र प्रयासों की क्या स्थिति है ।

(ख) इस प्रकार के मूल्यांकन में निम्नलिखित बातें सम्मिलित होंगी - न्यूनतम शेष राशि की अपेक्षा के संबंध में बैंक की नीति, क्या जमाकर्ताओं को न्यूनतम बैंकिंग सुविधाएं या 'नो फ्रिल्स' बैंकिंग सुविधाएं मिल रहीं हैं, बुनियादी बैंकिंग गतिविधि के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता , अर्थात् - जमा स्वीकार करना और ऋण प्रदान करना तथा ग्राहक सेवा की गुणवत्ता, जो कि *अन्य बातों के साथ-साथ* प्राप्त होनेवाली शिकायतों की संख्या और बैंक में उनके समाधान के लिए उपलब्ध व्यवस्था से प्रदर्शित होगी ।

(ग) विभिन्न स्थानों पर बैंकिंग क्षेत्र में प्रतियोगिता के संवर्धन को प्रेरित करने की आवश्यकता ।

(घ) इस संबंध में विनियामक सुविधा भी प्रासंगिक होगी । इसके अंतर्गत शामिल

हैं:

1. न केवल विनियमन के आशय का अनुपालन बल्कि यह भी देखा जाएगा कि क्या बैंक की गतिविधियां विनियमन के अभिप्राय और अंतर्निहित सिद्धांतों के अनुरूप हैं।
2. बैंकिंग समूह के कार्यकलाप और बैंक की अपनी सहायक, संबद्ध तथा सहयोगी संस्थाओं के साथ स्थापित संबंध का स्वरूप ।
3. कार्पोरेट गवर्नेंस की गुणवत्ता, उचित जोखिम प्रबंधन प्रणाली और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली ।

(vi) जहां तक क्रियाविधि संबंधी पहलुओं का संबंध है, प्रत्येक शाखा खोलने के लिए समय-समय पर प्राधिकार देने की प्रचलित प्रणाली के स्थान पर समग्र रूप से वार्षिक आधार पर स्वीकृति देने की प्रणाली लागू की गई है। शाखा विस्तार की मध्यावधिक योजना तथा विशिष्ट प्रस्तावों में सभी श्रेणियों की शाखाओं को खोलना/बंद करना/एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना, शाखाओं का विलयन तथा शाखाओं का परिवर्तन शामिल है।

(vii) नई शाखा प्राधिकरण नीति के अनुसार बैंकों को शाखाएं खोलने के **"लाइसेंस"** के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालयों से संपर्क करने की आवश्यकता नहीं है ।

(viii) देशी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को अपनी वार्षिक शाखा विस्तार योजना (एबीईपी) तैयार करते समय शाखाएं खोलने के लिए पूर्वानुमति लेनी चाहिए, एक वर्ष के दौरान खोले जाने के लिए प्रस्तावित शाखाओं की संख्या की 25 प्रतिशत शाखाएं बैंकिंग सुविधा रहित ग्रामीण (टियर 5 तथा टियर 6) केंद्रों को आबंटित करनी होगी । बैंकिंग सुविधा रहित ग्रामीण केंद्र का अर्थ उन केंद्रों से है जहाँ ग्राहक आधारित बैंकिंग लेनदेन के लिए किसी अनुसूचित वाणिज्य बैंक की कोई भवन स्थित शाखा नहीं है ।
वार्षिक शाखा विस्तार योजना के अन्तर्गत कम से कम 25 प्रतिशत शाखाएँ बैंक सुविधा रहित ग्रामीण केन्द्रों में खोले जाने की अपेक्षा को ध्यान में रखते हुए, अल्प बैंकिंग सुविधा वाले राज्यों के अल्प बैंकिंग सुविधावाले जिलों के टियर 2 से टियर 6 केंद्रों में खोली जाने के लिए प्रस्तावित प्रत्येक शाखा के लिए, जिसमें उपर्युक्त उप-पैरा vii) में निर्दिष्ट अपेक्षा के अनुपालन के लिए बैंकिंग सुविधा रहित केंद्रों में खोली जाने के लिए प्रस्तावित ऐसी ग्रामीण शाखाओं को शामिल नहीं किया गया है जो अल्प बैंकिंग सुविधा वाले राज्यों के अल्प बैंकिंग सुविधा वाले जिलों में स्थित हो सकती हैं, किसी टियर 1 केंद्र में एक अतिरिक्त शाखा खोलने के लिए प्राधिकार दिया गया है। यह प्राधिकार ऊपर वर्णित टियर 1 केन्द्रों में शाखाएँ खोलने के लिए दिये गये प्राधिकार के अतिरिक्त होगा।

(ix) बैंकिंग सुविधा रहित ग्रामीण केन्द्रों में शाखाएँ खोलने के लिए 3 वर्ष के लक्ष्य को शुरू में ही पूरा करने (प्राथमिकता देने) के बारे में बैंक विचार कर सकते हैं जो उनकी वित्तीय समावेशन योजना (2013-16) के समान अवधि में ही होगी। बैंकिंग सुविधा रहित ग्रामीण केंद्रों में उस वर्ष की एबीईपी के दौरान अपेक्षित 25 प्रतिशत से अधिक खोली गई शाखाओं के लिए क्रेडिट दिया जाएगा और अगले एबीईपी/ एफ़आईपी के वर्ष में हासिल किए जाने वाले मानदंड के लिए इसे हिसाब में लिया जाएगा।

(x) वार्षिक शाखा विस्तार योजना (एबीइपी) के साथ टियर 1 केन्द्रों में विशेषीकृत शाखाएँ खोलने के प्रस्ताव भी प्रस्तुत किये जाएँ।

(xi) जहाँ बैंक, ग्रामीण क्षेत्रों में शाखाएँ खोलना अर्थक्षम नहीं पाते हैं, वहाँ वे अनुषंगी कार्यालय खोल सकते हैं | अनुषंगी कार्यालय खोलने का आवेदन पत्र संबंधित बोर्ड के अनुमोदन के साथ वार्षिक शाखा विस्तार योजना (एबीइपी) में शामिल किया जाना चाहिए | अनुषंगी कार्यालय स्थापित करते समय बैंकों को निम्नलिखित दिशानिर्देशों का अनुपालन करना चाहिए |

(क) अनुषंगी कार्यालय आसपास के गाँवों में निश्चित परिसरों में स्थापित किए जाने चाहिए तथा उनका नियंत्रण और परिचालन किसी केंद्रीय गाँव/प्रखंड मुख्यालय स्थित मूल शाखा द्वारा किया जाना चाहिए|

(ख) प्रत्येक अनुषंगी कार्यालय को सप्ताह में कुछ निर्दिष्ट दिवसों को (कम से कम दो दिन) विनिर्दिष्ट घंटों में कार्य करना चाहिए |

(ग) इन कार्यालयों में सभी प्रकार के बैंकिंग लेनदेन किये जा सकते हैं |

(घ) अनुषंगी कार्यालयों के ग्राहकों को गैर-परिचालन दिवसों पर मूल शाखा में लेन देन करने की अनुमति दी जा सकती है |

(ङ) प्रत्येक अनुषंगी कार्यालय में अलग लेजर/रजिस्टर/स्क्रोल रखे जा सकते हैं, लेकिन इन कार्यालयों में किये गये सभी लेन देन मूलशाखा की खाता बहियों में शामिल किये जाने
चाहिए |

(च) मूल शाखा से संबद्ध स्टाफ को अनुषंगी कार्यालय में प्रतिनियुक्त किया जा सकता है, जिसमें अधिमानतः एक पर्यवेक्षीय स्टाफ, एक खजांची-व-लिपिक और एक सशस्त्र प्रहरी होना चाहिए |

(छ) फर्नीचर, मार्गस्थ नकदी आदि के लिए बीमा की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए|

(xii) जो बैंक विस्तार काउंटर खोलना चाहते हैं वे मूल आवेदन पत्र (अनुबंध 11झ के अनुसार) पूरी तरह भरकर तथा सक्षम प्राधिकार के अनुमोदन की प्रमाणित प्रतिलिपि के साथ बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय से संपर्क करें। बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई से विस्तार काउंटर खोलने के लिए प्राधिकरण प्राप्त कर बैंक उन संस्थाओं के परिसर में विस्तार काउंटर खोल सकते हैं जिनके वे मुख्य बैंकर हैं| विस्तार काउंटर ऐसे बड़े कार्यालयों/कारखाने, अस्पताल, सैन्य इकाई, शिक्षा संस्थानों आदि के परिसर के भीतर खोले जा सकते हैं जहाँ स्टाफ/कर्मचारी, विद्यार्थियों आदि की बड़ी संख्या है और जो समान कार्यघंटों के कारण और समुचित दूरी पर बैंकिंग सुविधाओं के अभाव के कारण अपने बैंकिंग लेनदेन करने में कठिनाई महसूस करते हैं। विस्तार काउंटरों को सीमित बैंकिंग कारोबार करना चाहिए, जैसे; जमा/निकासी लेनदेन, ड्राफ्ट और मेल अंतरण जारी करना और भुनाना, गिफ्ट चेक की बिक्री, बिल संग्रह, अपने ग्राहकों की मियादी जमाराशियों पर अग्रिम (विस्तार काउंटर पर संबधित पदाधिकारियों की मंजूरी शक्ति के भीतर), सुरक्षित जमा लॉकर की सुविधा (बशर्ते पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गयी है), अपने ग्राहकों को डिपाजिटरी सेवा, बशर्ते बैंक सेबी के साथ डिपाजिटरी प्रतिभागी के रूप में पंजीकृत है| विस्तार काउंटर को अमूर्तिकृत प्रतिभूतियों की गिरवी पर ऋण सुविधा नहीं देनी चाहिए और न प्रतिभूति ऋण और उधार सुविधा देनी चाहिए | इसके अलावा, यदि विस्तार काउंटर सरकारी कारोबार करना चाहता है तो उसे संबधित सरकारी प्राधिकारी तथा सरकारी और बैंक लेखा विभाग, भारतीय रिज़र्व

बैंक, केंद्रीय कार्यालय का पूर्व अनुमोदन लेना होगा | आवासीय कालोनियों, शापिंग काम्प्लेक्स, बाजार और धार्मिक स्थलों आदि पर विस्तार काउंटर खोलने की अनुमति नहीं दी जाती है |

(xiii) टियर 1 केंद्रों में शाखाएं खोलने के लिए प्राधिकार सामान्यतः टियर 2 से टियर 6 केंद्रों तथा पूर्वोत्तर राज्यों एवं सिक्किम के ग्रामीण, अर्ध-शहरी एवं शहरी केंद्रों में खोले जाने के लिए प्रस्तावित शाखाओं की कुल संख्या से अधिक नहीं होगा । भारतीय रिज़र्व बैंक ऐसा प्राधिकार जारी करते समय इस बात को ध्यान में रखेगा कि क्या एक वर्ष के दौरान खोली जाने वाली कुल शाखाओं की कम-से-कम 25 प्रतिशत शाखाएं बैंकिंग सुविधा रहित ग्रामीण केंद्रों में खोली जाने के लिए प्रस्तावित हैं ।

(xiv) टियर 1 केन्द्रों में शाखाएँ खोलने के आवेदन पत्रों के आधार पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्राधिकृत की गयी शाखाओं की संख्या वित्तीय समावेशन, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण, ग्राहक सेवा आदि में बैंक के कार्य निष्पादन के विवेचनात्मक मूल्यांकन पर भी निर्भर करेगी ।

### 3.3 विदेशी बैंक

पैराग्राफ 3.1 के द्वारा भारत में शाखाएं खोलने के लिए देशी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को दी गई सामान्य अनुमति विदेशी बैंकों पर लागू नहीं होगी ।

शाखा प्राधिकरण नीति विदेशी बैंकों पर भी निम्नलिखित शर्तों के अधीन लागू होगी :

i) विदेशी बैंकों से अपेक्षित है कि वे भारत में पहली शाखा खोलने के समय 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर की नियत पूंजी लायें ।

ii) केवल एक शाखा वाले वर्तमान विदेशी बैंकों की दूसरी शाखा खोलने के अनुरोध पर विचार करने से पहले, उन्हें उपर्युक्त अपेक्षा का पालन करना होगा ।

iii) विदेशी बैंकों को अपनी शाखा विस्तार योजना वार्षिक आधार पर प्रस्तुत करनी होगी ।

iv) भारतीय बैंकों के लिए निर्धारित मापदंडों के अलावा विदेशी बैंकों के लिए निम्नलिखित मापदंडों पर भी विचार किया जाएगा ;

   क) विदेशी बैंक के और उसके समूह के वैश्विक बाज़ारों में अनुपालन और कार्य कलाप के पिछले रिकार्ड पर विचार किया जाएगा । जहां कहीं ज़रूरी होगा वहां उनके देश के पर्यवेक्षकों से सूचना मांगी जाएगी।

   ख) भारत में उपस्थिति वाले विदेशी बैंकों के अपने देशों में समान वितरण को महत्व दिया जाएगा ।

   ग) आवेदक विदेशी बैंक के अपने देश में भारतीय बैंकों के प्रति किये जानेवाले व्यवहार पर विचार किया जाएगा ।

   घ) भारत और उनके अपने देश के बीच द्विपक्षीय और राजनयिक संबंधों पर पर्याप्त विचार किया जाएगा ।

ङ) विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ.) में भारत की प्रतिबद्धताओं को ध्यान में रखते हुए विदेशी बैंकों के शाखा विस्तार पर विचार किया जाएगा। इस प्रकार की गणना के लिए शाखाओं की संख्या में एटीएम को शामिल नहीं किया जाएगा ।

तदनुसार, विदेशी बैंकों को बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग प्रभाग, केंद्रीय कार्यालय, **केंद्रीय कार्यालय भवन (12वीं मंज़िल), शहीद भगत सिंह मार्ग, मुंबई-400 001** को अपनी वार्षिक शाखा विस्तार योजना प्रस्तुत करनी चाहिए ।

**ख. केंद्रों का प्रतिस्थापन**

i) देशी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को टियर 1 से 6 के केन्द्रों में शाखाएं खोलने हेतु सामान्य अनुमति को देखते हुए केन्द्रों के प्रतिस्थापन के लिए कोई भी प्रस्ताव बैंकों के बोर्ड के अनुमोदन के अधीन किया जाएगा। तथापि, केन्द्रों का प्रतिस्थापन करते समय उपर्युक्त पैरा 3.1 में दिए गए दिशा निर्देशों का का पालन सुनिश्चित किया जाए।

ii) देशी अनुसूचित वाणिज्य बैंक तथा स्थानीय क्षेत्र के बैंक (एलएबी ) जिनको शाखाएं खोलने के लिए पूर्व अनुमति लेना आवश्यक है, शाखा खोलने के लिए केंद्र/स्थान का अंतिम निर्णय करने से पहले बैंक वहां पर शाखा खोलने के लिए कारोबार की संभाव्यता को ध्यान में रखते हुए उचित आकलन करें। सामान्य तौर पर केंद्रों के प्रतिस्थापन की अनुमति नहीं दी जाएगी । फिर भी अपवादात्मक मामलों में वास्तविक समस्या के कारण यदि बैंक प्रस्तावित केंद्र में शाखा खोलने में असमर्थ होता है तो बैंक प्रतिस्थापन के लिए कारणों सहित बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय से वर्ष में एक बार संपर्क करें । बैंक नए केंद्र के संबंध में फार्म VI प्रस्तुत करें । ऐसे सभी अनुरोधों की जांच प्रत्येक मामले के आधार पर की जाएगी ।

iii) केंद्रों के प्रतिस्थापन की अनुमति उसी प्रकार के जनसंख्या समूह या कम जनसंख्या समूह के केंद्रों के लिए दी जाएगी बशर्ते बैंक जारी किए गए प्राधिकरण की वैधता अवधि के भीतर शाखा खोलने के लिए आश्वासन दें । इसके अलावा, अपर्याप्त बैंकिंग वाले ज़िलों के केंद्र से ऐसे केंद्र में जो अपर्याप्त बैंकिंग वाले ज़िले में नहीं आता है, प्रतिस्थापन की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

**ग. शाखाओं का स्थान बदलना**

**i) सामान्य**

(क) शाखाओं का स्थान बदलना, शाखा विस्तार की मध्यावधि कार्पोरेट कार्य नीति का एक हिस्सा होगा। तदनुसार, रिज़र्व बैंक के अनुमोदन की आवश्यक्ता वाले प्रस्तावों को डीबीओडी, सीओ, आरबीआई को **अनुबंध 5** में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

(ख) तथापि बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जिस शाखा का स्थान बदला जा रहा है उसके ग्राहकों को शाखा का वास्तव में स्थान बदलने के पर्याप्त समय पहले सूचित किया जाता है ताकि असुविधा से बचा जा सके ।

(ग) स्थान बदलने के ब्योरे (अर्थात् नया पता, स्थान बदलने की तारीख आदि) शाखा का स्थान बदलने के तुरंत बाद, और किसी भी हालत में दो सप्ताह के भीतर बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय

कार्यालय/बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय (महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के संबंध में) को अवश्य रिपोर्ट कर दिया जाना चाहिए। ऐसे मामलों में लाइसेंस में किसी प्रकार का संशोधन आवश्यक नहीं होगा।

(घ) शाखाओं का स्थान बदलने के संबंध में निम्नलिखित न्यूनतम मानदंडों का भी पालन किया जाना चाहिए :

1. नया केंद्र भी वर्तमान केंद्र जितना अथवा उससे कम जनसंख्या समूह का हो, जैसे किसी ग्रामीण केंद्र में स्थित शाखा का स्थान किसी अन्य ग्रामीण केंद्र में ही बदला जा सकता है; और

2. अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले ज़िले में स्थित किसी शाखा का स्थान किसी अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले ज़िले में स्थित अन्य केंद्र में ही बदला जा सकता है।

(ङ) 17 जून 2014 को जारी मेल बॉक्स स्पष्टिकरण के अनुसार भारत में स्थित विदेशी बैंकों को अपनी शाखाओं का एक केंद्र से दूसरे केंद्र में स्थान बदलने के लिए बैंकिग परिचालन और विकास विभाग, अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग प्रभाग, केंद्रीय कार्यालय से पूर्वानुमति लेना आवश्यक है।

**ii) केंद्र (शहर/कस्बा/गांव) के भीतर स्थान बदलना**

रिज़र्व बैंक से पूर्व अनुमोदन प्राप्त किए बिना केंद्र (शहर/कस्बे/गांव) के भीतर किसी भी स्थान पर शाखा को स्थानांतरित करने की स्वतंत्रता बैंकों को प्रदान की गई है। तदनुसार, इन मामलों को हमारे अनुमोदन के लिए वार्षिक शाखा विस्तार योजना में शामिल नहीं करें।

iii) **ग्रामीण शाखाएं**

**क) ब्लॉक के भीतर**

1. नीतिगत आधार पर एकमात्र ग्रामीण शाखा को केंद्र/गांव से बाहर स्थान बदलने की अनुमति नहीं है, क्योंकि उससे वह केंद्र बैंक सुविधा रहित हो जाएगा। तथापि अप्रत्याशित/अपवादात्मक परिस्थितियों (प्राकृतिक आपदाएं, कानून और व्यवस्था की विपरीत स्थिति आदि) के कारण यदि बैंक किसी एकमात्र ग्रामीण शाखा का केंद्र से बाहर स्थान परिवर्तन करने का प्रस्ताव करता है, तब जिला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) का अनुमोदन प्राप्त किया जाना चाहिए और प्रस्ताव को बैंपविवि, केंका,भारिबैं को विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

2. तथापि, रिज़र्व बैंक का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना बैंक ऐसे केंद्रों से अपनी ग्रामीण शाखाओं का स्थान ब्लॉक के भीतर बदल सकते हैं जहां किसी वाणिज्य बैंक की एक से अधिक शाखाएं हैं। किंतु ग्रामीण शाखाओं का स्थान बदलने पर विचार करते समय बैंकों को सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों के अधीन इन शाखाओं को सौंपी गयी भूमिका को ध्यान में रखना चाहिए।

**ख) ब्लॉक के बाहर**

ऐसे केंद्रों में जहां एक से अधिक वाणिज्य बैंक शाखाएं (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा को छोड़कर) हैं, वहां ब्लॉक के बाहर शाखाओं का स्थान बदलने के अनुरोधों को बैंपविवि, केंका,भारिबैं को अनुमति के लिए प्रस्तुत किया जाना चाहिए तथा ऐसे अनुरोधों पर निम्नलिखित मापदंडों के आधार पर विचार किया जाएगा :

1. जिन शाखाओं का स्थान बदला जा रहा है वे 5 वर्ष या उससे अधिक समय से अस्तित्व में हों और पिछले 3 वर्षों से लगातार उन्हें हानि हो रही हो ;

2. ऐसे केंद्रों में स्थित शाखाएं जो कुछ प्राकृतिक जोखिमों को झेल रहे हों, जैसे बाढ़, लैंडस्लाइड या बांध के निर्माण के कारण डूबनेवाले हों या अन्य प्राकृतिक आपदाओं आदि से प्रभावित हों;

3. ऐसे स्थानों पर कार्य कर रही शाखाएं जहां कानून और व्यवस्था की समस्याएं हों या जहां आतंकवादी गतिविधियों के कारण बैंक कार्मिकों और संपत्ति को नुकसान का खतरा हो;

4. ऐसी शाखाएं जहां बैंक द्वारा उपयोग में लाया जा रहा परिसर जीर्ण-शीर्ण स्थिति में हो या जला हुआ हो/ध्वस्त हो और उस केंद्र में कोई उपयुक्त परिसर उपलब्ध न हो, आदि।

### iv) महानगरीय, शहरी एवं अर्ध शहरी केंद्र

(क) बैंक महानगरीय/शहरी/अर्ध शहरी केंद्रों में केंद्र की म्युनिसिपल राजस्व सीमा अर्थात् शहर/कस्बे के भीतर रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना, अपने विवेकानुसार अपनी शाखाओं का स्थान बदल सकते हैं।

(ख) बैंक उसी राज्य में (एकमात्र अर्ध-शहरी शाखाओं को छोड़कर, क्योंकि उनका स्थान बदलने से अर्ध-शहरी केंद्र बैंक सुविधा रहित हो जाएगा) महानगरीय, शहरी एवं अर्ध शहरी केंद्रों में अपनी शाखाओं का स्थान भी उपर्युक्त पैरा 17. 1 (घ) में वर्णित न्यूनतम मानदंडों के अधीन बदल सकते हैं।

### v) शाखाओं का आंशिक स्थान परिवर्तन

बैंकों को अपनी शाखाओं के अंशत: स्थान परिवर्तन /कुछ कार्यकलापों के स्थान परिवर्तन के अनुमोदन के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक (बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, अंतरदेशीय बैंकों के लिए शाखा प्राधिकरण प्रभाग और विदेशी बैंकों के लिए अंतराष्ट्रीय बैंकिंग प्रभाग) से संपर्क करना होगा। शाखाओं का अंशत: स्थान परिवर्तन रिज़र्व बैंक द्वारा मामला-दर मामला आधार पर निम्नलिखित मानदंडों के अधीन किया जाएगा :

(क) शाखा खोलने के तीन वर्षों के भीतर किसी भी अंशत: स्थान परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ख) एक <u>कैलेंडर वर्ष</u> में प्रत्येक बैंक को हर महानगरीय केंद्र /राज्य की राजधानी में केवल एक शाखा के अंशत: स्थान परिवर्तन की अनुमति दी जाएगी।

(ग) अंशत: स्थान परिवर्तन का नया स्थान विद्यमान स्थान से 250 मीटर के दायरे में होना चाहिए।

(घ) एक शाखा के लिए सिर्फ एक अंशत: स्थान परिवर्तन की अनुमति दी जाएगी। एक बार शाखा को अंशत: स्थान-परिवर्तन की अनुमति मिलने पर, नए स्थान और विद्यमान स्थान दोनों पुन: अंशत: स्थान-परिवर्तन के पात्र नहीं होंगे।

(ड.) अंशत: स्थान परिवर्तन की पात्रता के लिए नए स्थान का क्षेत्रफल विद्यमान स्थान के क्षेत्रफल से अधिक नहीं होना चाहिए।

(च) दोनों परिसरों से एक ही कार्यकलाप नहीं किया जा सकेगा।

घ. शाखाओं का परिवर्तन

i) **विशेषीकृत शाखा का परिवर्तन**

बैंक अपनी विशेषीकृत शाखा को किसी अन्य श्रेणी की विशेषीकृत शाखा या सामान्य बैंकिंग शाखा के रूप में अपने विवेकानुसार परिवर्तन कर सकते हैं । तथापि, यह सुनिश्चित किया जाए कि परिवर्तन के पश्चात् उसका ब्योरा बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय. (महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के संबंध में) को तुरंत और किसी भी हालत में दो सप्ताह के भीतर सूचित किया जाता है। लाइसेंस/प्राधिकरण में संशोधन की आवश्यकता नहीं होगी ।

ii) **सामान्य बैंकिंग शाखाओं का किसी भी प्रकार की विशेषीकृत शाखा के रूप में परिवर्तन**

बैंक अपनी सामान्य बैंकिंग शाखाओं को किसी भी प्रकार की विशेषीकृत शाखा के रूप में परिवर्तन के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते बैंक उन सामान्य बैंकिंग शाखाओं के मौजूदा ग्राहकों को अपनी सेवाएं प्रदान करना जारी रखते हैं जिन्हें विशेषीकृत शाखाओं के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है ।
तथापि, यह सुनिश्चित किया जाए कि परिवर्तन के पश्चात् उसका ब्योरा बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय (महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के संबंध में) को तुरंत और किसी भी हालत में दो सप्ताह के भीतर सूचित किया जाता है। लाइसेंस/प्राधिकरण में संशोधन की आवश्यकता नहीं होगी ।

**iii) विस्तार पटलों तथा अनुषंगी कार्यालयों का पूर्ण शाखाओं में उन्नयन**

क) बैंक अपने विवेकानुसार अपने वर्तमान विस्तार पटलों (ईसी) तथा अनुषंगी कार्यालयों (एसओ) को पूर्ण शाखाओं के रूप में परिवर्तित करने तथा उसी केंद्र के अंतर्गत पुन: स्थापित करने के लिए स्वतंत्र हैं। तथापि बैंकों को चाहिए कि वे विस्तार पटल /अनुषंगी कार्यालय को पूर्ण शाखा में परिवर्तित करने के पहले भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग /बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय (महाराष्ट्र और गोवा में स्थित विस्तार पटल/अनुषंगी कार्यालय के लिए) में विस्तार पटल /अनुषंगी कार्यालय का लाइसेंस (यदि अलग लाइसेंस जारी किया गया हो तो) जमा करें और पूर्ण शाखा के लिए अनुमति पत्र प्राप्त करें।
ख) ऐसे मामलों में जहाँ बैंक अपने विद्यमान विस्तार पटलों तथा अनुषंगी कार्यालयों का पूर्ण शाखाओं में उन्नयन कर उनका अन्य केंद्र में स्थान परिवर्तन करना चाहते हैं तो अपने बोर्ड की अनुमति तथा पैरा 3.1(vi) में निहित शर्तों के

अधीन ऐसा कर सकते है। जिन बैंकों के पास सामान्य अनुमति नहीं है वहाँ ऐसे प्रस्तावों को बैं.प.वि.वि., के.का. के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करना जारी रखना चाहिए।

**iv) ग्रामीण शाखा का अनुषंगी कार्यालय में परिवर्तन**

सामान्यत: ग्रामीण शाखा का अनुषंगी (सेटेलाइट) कार्यालय में परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिए । तथापि, अपवादात्मक मामलों में, ऐसे प्रस्तावों पर विचार किया जा सकता है। ज़िला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) से अनुमोदन प्राप्त कर ग्रामीण शाखाओं को अनुषंगी कार्यालयों में परिवर्तन करने के प्रस्तावों को बैं.प.वि.वि., के.का., भारिबैं के विचार हेतु प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

**ङ. शाखाओं का विलयन**

**i) सामान्य**

(क) बैंकों को चाहिए कि जिस शाखा का विलयन (अंतरणकर्ता शाखा) किया जा रहा है, उसके ग्राहकों को वास्तविक विलयन से पर्याप्त समय पहले सूचित कर दिया जाए ताकि उन्हें होनेवाली असुविधा से बचा जा सके ।

(ख) विलयन के ब्योरे (विलयन की तारीख आदि) बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय (महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के संबंध में) को शाखा के विलयन के तुरंत बाद और किसी भी हालत में दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट किया जाना चाहिए ।

(ग) विलयन के बाद विलयित की गयी शाखा (अंतरणकर्ता शाखा) का लाइसेंस (यदि अलग लाइसेंस जारी किया गया हो तो) बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय (महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के संबंध में) में निरस्त करने के लिए जमा कर दिया जाना चाहिए ।

(घ) जहां एक समेकित प्राधिकरण एक से अधिक शाखाओं के लिए जारी किया गया हो वहां यह पर्याप्त होगा यदि बैंक किसी विशेष शाखा (संबंधित शाखा को जारी किए गए प्राधिकरण पत्र के अनुबंध के क्रमांक का स्पष्ट रूप से उल्लेख करके) के विलयन की सूचना बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय (महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के संबंध में) को दे ।

**ii) एकमात्र ग्रामीण /अर्ध शहरी शाखा का विलयन**

नीतिगत आधार पर एकमात्र ग्रामीण शाखा/अर्ध शहरी शाखा के विलयन की अनुमति नहीं दी जाती है, क्योंकि ऐसी शाखा का उस केंद्र से बाहर स्थित शाखा के साथ विलयन करने से उक्त केंद्र बैंक सुविधा रहित हो जाएगा । तथापि अपवादात्मक/अप्रत्याशित परिस्थितियों (प्राकृतिक आपदा, कानून और व्यवस्था की प्रतिकूल परिस्थिति) में यदि बैंक किसी एकमात्र ग्रामीण/अर्ध-शहरी शाखा का विलयन करने के लिए विवश हो जाए तो जिला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) का अनुमोदन प्राप्त कर लेना चाहिए और ऐसे प्रस्ताव को वार्षिक योजना में हमारे विचारार्थ शामिल किया

जाना चाहिए । ग्रामीण और अर्ध-शहरी शाखाओं के लिए ऐसे प्रस्तावों का ब्योरा अनुबंध -6 में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार हमारे अनुमोदन के लिए हमें प्रस्तुत करना आवश्यक है ।

iii) **महानगरीय, शहरी और अर्ध-शहरी शाखाओं का विलयन**

बैंक रिज़र्व बैंक से अनुमोदन प्राप्त किये बिना महानगरीय, शहरी और अर्ध-शहरी केंद्रों में स्थित किसी एक शाखा का विलयन किसी अन्य शाखा (जिसे सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के अंतर्गत कोई जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई हो) के साथ कर सकते हैं । अत: ऐसे मामलों को हमारे अनुमोदन के लिए वार्षिक शाखा विस्तार योजना में शामिल नहीं किया जाना चाहिए ।

**च. शाखाएं बंद करना**

i) **सामान्य**

(क) बैंकों को चाहिए कि जिस शाखा को बंद किया जाना है उसके ग्राहकों को शाखा बंद होने की वास्तविक तारीख से पर्याप्त समय पहले सूचित कर दिया जाए ताकि उन्हें होनेवाली असुविधा से बचा जा सके ।

(ख) शाखा बंद करने के ब्योरे (अर्थात् तारीख आदि) बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय (महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के संबंध में) को शाखा बंद होने के तुरंत बाद और किसी भी हालत में दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट किये जाने चाहिए ।

(ग) शाखा बंद होने के बाद, शाखा का लाइसेंस /प्राधिकरण (यदि एकल शाखा के लिए अलग से लाइसेंस/प्राधिकरण जारी किया गया हो तो) बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय (महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के संबंध में) को निरस्त करने के लिए जमा किया जाना चाहिए । जहां पर एक से अधिक शाखाओं के लिए समेकित प्राधिकरण जारी किए गए हैं वहाँ बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय (महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के संबंध में)को शाखा विशेष के बंद होने की रिपोर्ट (संबंधित शाखा को जारी किए गए प्राधिकरण पत्र के अनुबंध के करमांक का स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए) करना पर्याप्त होगा।

ii) **ग्रामीण शाखाएं बंद करना**

नीतिगत आधार पर एक मात्र वाणिज्य बैंक शाखा वाले (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) ग्रामीण केंद्रों में हानि उठानेवाली शाखाओं को भी, बंद करने की अनुमति नहीं है, क्योंकि इससे वह केंद्र बैंकिंग सुविधा रहित हो जाएगा। जिस स्थान पर एक से अधिक वाणिज्य बैंक शाखाओं द्वारा सेवा प्रदान की जा रही है वहां शाखा को बंद करने का प्रस्ताव ज़िला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) का अनुमोदन प्राप्त करने के बाद वार्षिक शाखा विस्तार योजना में शामिल किया जाना चाहिए। ऐसे प्रस्तावों का ब्योरा अनुबंध 9 में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

iii) **महानगरीय, शहरी और अर्ध शहरी शाखाएं**

बैंकों को <u>रिज़र्व बैंक का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना</u> महानगरीय, शहरी और अर्ध शहरी केंद्र में किसी भी शाखा को (जिसे सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के अंतर्गत जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई हो), बंद करने की अनुमति है । अत: ऐसे प्रस्तावों को हमारे अनुमोदन के लिए वार्षिक शाखा विस्तार योजना में शामिल नहीं करना चाहिए ।

**4. ऑफ साइट एटीएम/ मोबाइल एटीएम स्थापित करना - सामान्य अनुमति**

अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को एसईजेड सहित उनके द्वारा चयनित केन्द्रों/स्थानों पर निम्नलिखित शर्तों के अधीन भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना ऑफसाईट एटीएम की स्थापना करने की अनुमति है |

(क) ऑफ साइट एटीएम में हुए लेनदेन के कारोबार को संबंधित शाखा /आधारभूत शाखा/ केंद्रीयकृत डाटा केंद्र की बही में अभिलेखित किया जाएगा।

(ख) ऐसे ऑफ साइट एटीएम केंद्र पर सुरक्षा गार्ड के अतिरिक्त अन्य कोई भी व्यक्ति तैनात नहीं किया जाएगा।

(ग) बैंक द्वारा एटीएम की नकदी की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त आपाती व्यवस्था की जाएगी।

(घ) बैंकों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि एटीएम के माध्यम से परिचालित होने वाले नोट भलीभाँति सॉर्ट किए गए और परीक्षण किए गए हों।

(ङ) एटीएम स्क्रीन /नेटवर्क पर तीसरी पार्टी के विज्ञापन जैसे अन्य उत्पादकों /व्यापारियों /विक्रेताओं के उत्पाद प्रदर्शित करने की अनुमति नहीं है। तथापि, बैंकों द्वारा एटीएम स्क्रीनों पर अपने उत्पाद प्रदर्शित करने पर कोई आपत्ति नहीं है।

एसईजेड में स्थापित इन एटीएमों में केवल भारतीय रुपये में कारोबार होना चाहिए।

तथापि, यह रिज़र्व बैंक द्वारा आवश्यक समझे जाने वाले किसी निदेश के अधीन होगी जिसमें ऑफ साइट एटीएम/ मोबाइल एटीएम बंद करना /स्थान परिवर्तित करना शामिल है। बैंकों को उपर्युक्त आम अनुमति के अंतर्गत खोले गए ऑफ साइट एटीएम/ मोबाइल एटीएम के संबंध में पूर्ण ब्योरों की सूचना, एटीएम परिचालन आरंभ होने के तुरंत बाद और किसी भी हालत में दो सप्ताह में संलग्न फार्मेट (अनुबंध -8 और अनुबंध 10) के अनुसार बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/ बैंकिंग परिचालन ओर विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय (महाराष्ट्र और गोवा के ऑफ साइट/ मोबाइल एटीएम के मामले में) को भेजनी चाहिए।

ii) बैंकों द्वारा एटीएम के माध्यम से प्रदान की जानेवाली सुविधाएं निम्नानुसार है।

क. जमा / निकासी

ख. व्यक्तिगत पहचान नंबर (पीआईएन) परिवर्तन

ग. चेक बुक की माँग

घ. खातों का विवरण

ङ. शेष राशि की पूछताछ

च. बैंक में उस ग्राहक के खातों या बैंक के विभिन्न ग्राहकों तथा उस केंद्र या देश के भीतर अन्य केंद्रों में अंतर खाता अंतरण

छ. अंतर बैंक निधि अंतरण - बैंक के ग्राहकों तथा अन्य बैंकों के ग्राहकों के बीच निधि का अंतरण

ज. बैंक से लिखित संवाद करने के लिए मेल सुविधा

झ. बिजली बिल, टेलीफोन बिल जैसे उपयोगिता भुगतान

ञ. रेल टिकट जारी करना

ट. उत्पादों की जानकारी

## 5. मोबाइल शाखाएँ

मोबाइल शाखा की योजना में यह परिकल्पना की गई है कि एक सुरक्षित वैन में बैंक के दो-तीन पदाधिकारीबहियों नकदी तिजोरी आदि के साथ बैठेंगे और बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करेंगे। मोबाइल इकाई विनिर्दिष्ट दिनों/ घंटो में प्रस्तवित स्थलों पर जाएगी। देशी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) को टियर 3 से टियर 6 केंद्रों में और पूर्वोत्तर राज्यों और सिक्किम के ग्रामीण, अर्ध-शहरी और शहरी केंद्रों में भी मोबाइल शाखाएँ खोलने की अनुमति दी गयी है। इसके लिए भारतीय रिज़र्व बैंक से प्रत्येक मामले में अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है, परंतु इनकी संलग्न फॉर्मेट (अनुबंध 9) में रिपोर्टिंग की जानी चाहिए। मोबाइल शाखा को उन गांवों/केंद्रों में नहीं जाना चाहिए जहाँ सहकारी बैंक हैं और उन स्थानों पर भी नहीं जाना चाहिए जहाँ वाणिज्य बैंकों की नियमित शाखाएँ हैं। मोबाइल शाखा को प्रत्येक गांव/स्थान में विनिर्दिष्ट दिनों और विनिर्दिष्ट घंटों में समुचित समय तक रहना चाहिए ताकि ग्राहक उसकी सेवा का सही-सही लाभ उठा सकें। मोबाइल शाखा में किये गये लेनदेन आधार शाखा/डेटा केंद्र की बहियों में रिकार्ड किये जाएँगे। बैंक संबंधित गाँव में मोबाइल शाखा का व्यापक प्रचार कर सकते हैं, जिसमें विभिन्न स्थलों में "विनिर्दिष्ट दिन और कामकाज के घंटों" के भी ब्यौरे होने चाहिए ताकि स्थानीय ग्राहकों को कोई भ्रम न रहे। इसमें यदि कोई परिवर्तन किया जाता है तो उसे भी प्रचारित किया जाना चाहिए। जनता/ग्राहकों को सूचना देने के लिए मोबाइल शाखा के क्षेत्रों में इन ब्यौरों को प्रदर्शित करने की भी व्यवस्था की जानी चाहिए।

## 6. केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र/बैक ऑफिस स्थापित करना

बैंक, अन्य शाखाओं से प्राप्त अनुरोधों पर केवल आंकड़ा प्रसंस्करण, दस्तावेजों का सत्यापन और प्रसंस्करण, चेक बुक, मांग ड्राफ्ट आदि जारी करना इत्यादि, जैसे बैक ऑफिस कार्य तथा बैंकिंग कारोबार से जुड़े अन्य कार्य करने के लिए केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र/बैक ऑफिस भी स्थापित कर सकते हैं। ये केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र/बैक ऑफिस ग्राहकों के साथ कोई प्रत्यक्ष संपर्क नहीं रखेंगे। इन केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्रों/बैक ऑफिसों को सेवा शाखाएं कहा जाएगा तथा इन्हें

सामान्य बैंकिंग शाखाओं के रूप में बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी । बैंकों को भारतीय रिज़र्व बैंक से प्रत्येक मामले में अनुमति लिए बिना संलग्न फॉर्मेट (अनुबंध 10) में इनकी रिपोर्टिंग के अधीन केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र/सेवा शाखा स्थापित करने की अनुमति दी गयी है । जिन केन्द्रों में केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र/बैक ऑफिस स्थापित करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक का प्राधिकरण आवश्यक है, वहाँ ऐसे प्रस्ताव वार्षिक शाखा विस्तार योजना में सम्मिलित किये जा सकते हैं।

## 7. कॉल सेंटर

चूंकि कॉल सेंटर में कोई बैंकिंग लेनदेन नहीं किया जाता है, अत: पैरा 2 में परिभाषित किये अनुसार "कॉल सेंटर" की स्थापना के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं है । फिर भी, कॉल सेंटरों को खोलने, बंद करने और उनका स्थान बदलने के ब्योरे पैरा 12 में बताये अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक को सूचित किये जाने चाहिए ।

## 8. व्यवसाय सुविधादाता/ व्यवसाय प्रतिनिधि मोडेल

अधिकाधिक व्यक्तियों को वित्तीय सेवाओं के दायरे में लाने (वित्तीय समावेशन) तथा बैंकिंग क्षेत्र की पहुँच बढ़ाने के उद्देश्य से स्थानीय क्षेत्र बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को व्यवसाय सुविधादाता/ व्यवसाय प्रतिनिधि मोडेल के उपयोग के माध्यम से, इस सम्बन्ध में जारी दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तीय और बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में मध्यवर्ती संस्थाओं की सेवाओं का उपयोग करने की अनुमति दी गयी है ।

### i) व्यवसाय सुविधादाता को नियुक्त करने से संबंधित दिशानिर्देश

"व्यवसाय सुविधादाता" मोडेल के अंतर्गत, बैंक सहायक सेवाएं प्रदान करने के लिए अपनी निश्चिंतता के स्तर के आधार पर निम्नलिखित मध्यवर्तियों का उपयोग कर सकते हैं:

क) गैर-सरकारी संगठन स्वयं सहायता समूह
ख) किसान क्लब
ग) सहकारी संस्था
घ) समुदाय आधारित संगठन
ङ) कार्पोरेट संस्थाओं के आइटी सुविधा से युक्त ग्रामीण आउटलेट
च) डाक घर
छ) बीमा एजेंट
ज) सुचारु रूप से कार्यरत पंचायत
झ) ग्रामीण ज्ञान केंद्र
ञ) कृषि क्लिनिक
ट) कृषि व्यवसाय केंद्र
ठ) कृषि विज्ञान केंद्र
ड) खादी और ग्रामोद्योग कमीशन /खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड की इकाइयाँ

ऐसी सेवाओं में (i) उधारकर्ताओं की पहचान और कार्यकलापों का निर्धारण; (ii) प्राथमिक जानकारी /आंकड़ों के सत्यापन सहित ऋण आवेदनपत्रों का संग्रहण और प्रारंभिक प्रसंस्करण; (iii) बचत और अन्य उत्पादों के बारे में जागरूकता पैदा करना एवं धनप्रबंध पर शिक्षा और सलाह तथा ऋण संबंधी परामर्श देना; (iv) आवेदनपत्रों का

प्रसंस्करण और बैंकों को प्रस्तुति; (v) स्वयं सहायता समूहों/संयुक्त दायित्व समूहों का संवर्धन और विकास; (vi) मंजूरी के बाद निगरानी; (vii) स्वयं सहायता समूहों/संयुक्त दायित्व समूहों/ऋण समूहों/ अन्यों की निगरानी और सहायता करना; तथा (viii) वसूली के लिए अनुवर्ती कारर्वाई शामिल हो सकती हैं।

ii) **व्यवसाय प्रतिनिधियों (बीसी) को नियुक्त करने से संबंधित दिशानिर्देश**

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सहित अनुसूचित वाणिज्य बैंक और स्थानीय क्षेत्र बैंक निम्नलिखित दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए व्यवसाय प्रतिनिधियों की सेवा ले सकते हैं। बैंक अपने निदेशक मंडल के अनुमोदन से व्यवसाय प्रतिनिधि नियुक्त करने के संबंध में नीति निर्धारित कर सकते हैं। व्यवसाय प्रतिनिधियों की नियुक्ति से पहले संबंधित व्यक्तियों/ संस्थाओं के संबंध में समुचित सावधानी बरती जानी चाहिए। समुचित सावधानी बरतने की प्रक्रिया के अंतर्गत अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित पहलू शामिल होने चाहिए - (i) प्रतिष्ठा/बाज़ार में स्थान (ii) वित्तीय सुदृढ़ता (iii) प्रबंधन और कार्पोरेट गवर्नेंस (iv) नकद संभालने की क्षमता और (v) वित्तीय सेवाएं देने में प्रौद्योगिकी समाधान कार्यान्वित करने की क्षमता।

**क. पात्र व्यक्ति/संस्थाएं**

बैंक निम्नलिखित व्यक्तियों/संस्थाओं को व्यवसाय प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त कर सकते हैं **:**

(i) व्यक्ति, जैसे, सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी, सेवानिवृत्त शिक्षक, सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी और भूतपूर्व सैनिक, ऐसे व्यक्ति जो किराना/मेडिकल/ उचित मूल्य दुकानों के स्वामी हैं, ऐसे व्यक्ति जो पीसीओ ऑपरेटर हैं, भारत सरकार की लघु बचत योजनाओं/ बीमा कंपनियों के एजेंट, ऐसे व्यक्ति जो पेट्रोल पंप के स्वामी हैं, बैंकों से जुड़े हुए सुसंचालित स्वयं-सहायता समूहों के प्राधिकृत कार्यकर्ता, सामान्य सेवा केंद्र चलाने वाले व्यक्तियों सहित कोई अन्य व्यक्ति;

(ii) सोसाइटी/न्यास अधिनियमों के अंतर्गत स्थापित एनजीओ/लघु वित्त संस्थाएं और धारा 25 कंपनियां;

(iii) परस्पर सहायता प्राप्त सहकारी सोसाइटी अधिनियम/राज्यों के सहकारी सोसाइटी अधिनियम/बहु राज्यीय सहकारी सोसाइटी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत सहकारी समितियां;

(iv) डाक घर; और

(v) गैर-बैंकिंग वित्तीय कपंनियों को छोड़कर भारतीय कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत ऐसी कंपनियां, जिनके खुदरा केंद्रों का व्यापक जाल हो।

(vi) सभी घरेलू अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) टियर 1 से टियर 6 के केंद्रो में शाखएं खोलने के लिए सामान्य अनुमति दी गयी है इसे ध्यान में रखते हुए बैंक

निम्नलिखित शर्तों के अधीन जमाराशि न लेनेवाली एनबीएफसी (एनबीएफसी-एनडी) को व्यवसाय प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त कर सकते है:

क) यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि व्यवसाय प्रतिनिधि के रुप में नियुक्त एनबीएफसी-एनडी की निधि तथा बैंक की निधि आपस में न मिले।

ख) बैंक और एनबीएफसी-एनडी के बीचएक विनिर्दिष्ट संविदात्मक व्यवस्था होनी चाहिए ताकि पारस्परिक हितों में किसी टकराव की संभावना न हो।

ग) बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि एनबीएफसी-एनडी कोई प्रतिबंधक प्रणाली नहीं अपना रहा है जैसे केवल अपने ग्राहकों को ही बचत या प्रेषण सुविधा देना। बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए एनबीएफसी एनडी और बैंकों की सेवाएँ आपस में अनिवार्य रूप से जुड़ी हुई नहीं हैं।

**ख. बीसी मोडल**

कोई व्यवसाय प्रतिनिधि एक से अधिक बैंकों का व्यवसाय प्रतिनिधि हो सकता है, परंतु ग्राहक से संपर्क के स्थलों पर व्यवसाय प्रतिनिधि का खुदरा केंद्र या उप-एजेंट केवल एक बैंक का प्रतिनिधित्व करेगा ।

तथापि, यह निर्णय लिया गया है कि बीसी के खुदरा केंद्रों या उप एजेंटों के स्थान पर (अर्थात ग्राहक संपर्क के स्थलों पर) अन्तर परिचालन करने की अनुमति दी जाये, बशर्ते जिस बैंक ने बीसी को नियुक्त किया है उसके पास उपलब्ध प्रौधोगिकी अन्तर परिचालन को समर्थन करती हो | यह अनुमति निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:

(i) बीसी के ऐसे खुदरा केंद्रों या उप एजेंटों के पास लेनदेन और पुष्टिकरण आन लाईन किए जाते हों;

(ii) लेनदेन कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) प्लेटफॉर्म पर किए जाते हों; और

(iii) बैंक भारतीय बैंक संघ द्वारा सूचित की जाने वाली मानक परिचालन प्रक्रियाओं का अनुसरण करते हों |

**ग. व्यवसाय प्रतिनिधियों (बीसी) को नियुक्त करने से संबंधित प्रक्रिया**

बैंक और व्यवसाय प्रतिनिधि के बीच की संविदा पर लागू शर्तें लिखित करार में स्पष्ट रूप से परिभाषित होनी चाहिए और उनकी कानूनी दृष्टि से पूरी जांच होनी चाहिए । करार बनाते समय बैंकों को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 3 नवंबर 2006 को जारी बैंकों द्वारा वित्तीय सेवाओं की आउटसोसिन्गं में जोखिम नियंत्रण और आचार संहिता संबंधी दिशानिर्देश में निहित अनुदेशों का कड़ाई से अनुपालन करना चाहिए । बैंक व्यवसाय प्रतिनिधियों और उनके खुदरा केंद्रों/उप एजेंटों के कार्यों के लिए पूरी तरह जिम्मेवार होंगे ।

**घ. गतिविधियों का दायरा**

व्यवसाय प्रतिनिधि वही कारोबार करेंगे जो बैंकों के सामान्य बैंकिंग कारोबार हैं।

किसी बीसी की गतिविधियों के दायरे में निम्नलिखित शामिल होंगे - (i) उधारकर्ताओं की पहचान, (ii) ऋण आवेदन पत्र एकत्र करना और उनकी प्राथमिक प्रोसेसिंग जिसमें प्राथमिक सूचना/आंकड़ों का सत्यापन शामिल है, (iii) बचत

और अन्य उत्पादों के संबंध में जन-जागृति फैलाना तथा धन प्रबंधन के संबंध में शिक्षण और सलाह देना तथा ऋण संबंधी परामर्श देना; (iv) बैंकों को आवेदन पत्र प्रस्तुत करना और उनकी प्रोसेसिंग करना; (v) स्वयं-सहायता समूह/संयुक्त देयता समूह/ऋण समूह/अन्य समूहों को प्रवर्तित करना, प्रोत्साहित करना और उनकी निगरानी करना; (vi) ऋण मंजूरी के बाद निगरानी करना; (vii) ऋण की वसूली के लिए अनुवर्ती कार्रवाई करना; (viii) अल्प मूल्य वाले ऋणों का वितरण करना; (ix) मूल धन की वसूली/ब्याज एकत्र करना; (x) अल्प मूल्य वाली जमाराशियों का संग्रह; (xi) माइक्रो बीमा/म्युचुअल फंड उत्पाद/पेंशन उत्पाद/अन्य थर्ड पार्टी उत्पादों की बिक्री और (xii) अल्प मूल्य वाले प्रेषणों/अन्य अदायगी लिखतों की प्राप्ति और वितरण तथा (xiii) बैंक नोट और सिक्कों का वितरण।

**ङ. `अपने ग्राहक को जानें' (केवाइसी) मानदंड**

1 जुलाई 2011 के मास्टर परिपत्र बैंपविवि. एएमएल. बीसी. सं. 2/14.01.001/2011-12 में वर्णित `अपने ग्राहक को जानें' और `धनशोधन निवारण' (एएमएल) सबंधी प्रक्रियाओं तथा इस विषय पर जारी परवर्ती परिपत्रों का सभी मामलों में अनुपालन किया जाना चाहिए। यदि आवश्यक हो तो बैंक खाता खोलने की औपचारिकताओं से संबंधित आरंभिक कार्य के लिए बीसी की सेवाएं ले सकते हैं। तथापि, बीसी मोडेल के अंतर्गत केवाइसी और एएमएल मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने का दायित्व बैंकों का रहेगा।

**च. ग्राहकों की गोपनीयता**

बैंकों को बीसी के पास उपलब्ध ग्राहक सूचना की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करनी चाहिए।

**छ. सूचना प्रौद्योगिकी स्तर**

बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बीसी द्वारा प्रयुक्त उपकरण और प्रौद्योगिकी उच्च स्तर के हैं।

**ज. दूरी संबंधी मानदंड**

बैंकों द्वारा बीसी के खुदरा केंद्र/उप-एजेंट के परिचालनों और गतिविधियों पर पर्याप्त पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने के लिए बीसी के प्रत्येक खुदरा केंद्र/उप-एजेंट को एक विशेष बैंक शाखा, जिसे आधार शाखा कहा जाएगा, से संबद्ध करना चाहिए तथा उसे उक्त आधार शाखा के पर्यवेक्षण के अधीन रखना चाहिए। बीसी के खुदरा केंद्र/उप-एजेंट और आधार शाखा के बीच की दूरी सामान्यत: ग्रामीण, अर्ध-शहरी और शहरी क्षेत्रों में 30 कि. मी. और महानगरीय केंद्रों में 5 कि. मी. से अधिक नहीं होनी चाहिए। यदि दूरी संबंधी मानदंड में छूट देने की आवश्यकता हो तो जिला परामर्शी समिति (डीसीसी)/राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) अपर्याप्त बैंक सुविधा वाले क्षेत्रों आदि में मामले के गुण-दोष के आधार पर छूट देने पर विचार कर सकती है।

बैंकों को परिचालनात्मक स्वतंत्रता देने के विचार से तथा बैंकिंग क्षेत्र के तकनीकी विकास को ध्यान में रखते हुए, घरेलू अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिए दूरी मानदंड से संबंधित शर्तों को हटाने का निर्णय लिया गया है। तथापि, इन बैंकों को वर्तमान दूरी मानदंड को संशोधित करने के सबंध में निर्णय लेने के लिए, व्यवसाय प्रतिनिधि की नियुक्ति के संबंध में बोर्ड अनुमत नीति तैयार करते समय, बैंकों को व्यवसाय प्रतिनिधि के पर्याप्त पर्यवेक्षण तथा ग्राहकसेवा के प्रावधान के उद्देश्यों को ध्यान में रखना चाहिए।

**झ. अत्यंत लघु शाखाएँ**

वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने के लिए बैंक ग्रामीण स्थलों पर ऐसे केंद्र स्थापित करें जहां से बीसी अपना कार्य कर सकें। ये बीसी केंद्र कम लागत वाले सीधे-सादे ईंट और गारे से बने भवन हो सकते हैं। प्रत्येक बीसी किसी आधार शाखा के पर्यवेक्षण के अंतर्गत आता है। तदनुसार आधार शाखा को बीसी केन्द्रों का पर्यवेक्षण करना होगा, जिसमें आधार शाखा के अधिकारियों द्वारा इन केन्द्रों तथा बीसी के अन्य कार्य स्थलों के आवधिक दौरे शामिल होंगे।

बैंकिंग सेवाओं तक बढ़ती हुई पहुँच के मद्देनजर यह भी महत्वपूर्ण है कि आईसीटी आधारित डिलिवरी मॉडेल के माध्यम से अच्छी गुणवत्ता वाली सेवाएँ प्रदान की जाएँ। अत:, वर्तमान आधार शाखा तथा बीसी स्थलों के बीच ईंट गारे से बनी भवन आधारित मध्यवर्ती शाखा (अत्यंत लघु शाखा) का होना आवश्यक होगा ताकि बीसी इकाइयों के समूह को समुचित दूरी से समर्थन दिया जा सके। इन अत्यंत लघु शाखाओं को आधार शाखा तथा बीसी स्थलों के बीच इस तरह स्थापित किया जाए कि उनसे 8-10 इकाइयों को 3-4 किलोमीटर की समुचित दूरी से समर्थन प्रदान किया जा सके। इन्हें या तो नए सिरे से स्थापित किया जाए या बीसी स्थलों को परिवर्तित कर स्थापित किया जाए। ऐसी अत्यंत लघु शाखाओं में पास बुक प्रिंटर से जुड़ा एक कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) टर्मिनल और ग्राहकों के बड़े लेन-देन का परिचालन करने के लिए नकद रखने की एक तिजोरी/सेफ जैसी न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं हों तथा इसका प्रबंधन पूर्णकालिक रूप से बैंक के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा किया जाना चाहिए। यह अपेक्षा की जाती है कि इससे नकद के प्रबंधन, दस्तावेजों के रखरखाव, ग्राहक शिकायत निवारण तथा बीसी परिचालनों का निकट से पर्यवेक्षण जैसे कार्य अच्छी तरह हो पाएंगे। ये शाखाएँ अनुषंगी कार्यालय (14 दिसंबर 1987 के परिपत्र बैं.प.वि.वि. सं. बीएल.बीसी. 72/सी-168(64डी)-87 में उल्लिखित किए गए अनुसार) अथवा नियमित शाखाएँ हो सकती हैं।

बीसी इन अत्यंत लघु शाखाओं से अपना कार्य कर सकते हैं क्योंकि शाखा के साथ जुड़े रहने से उस क्षेत्र में उनकी वैधता तथा विश्वसनीयता बढ़ेगी और लोगों को उनकी सेवाओं का उपयोग करने में आत्मविश्वास बढ़ेगा। तथापि यदि भौगोलिक विस्तार के कारण ऐसी व्यवस्थाओं से बीसी के परिचालन के संपूर्ण क्षेत्र में बीसी सेवाएँ आसानी से उपलब्ध न हो सकें तो बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसी व्यवस्था का परिणाम यह नहीं हो कि बीसी अपने परिचालन केवल ऐसी शाखाओं में ग्राहकों को सेवा प्रदान करने तक सीमित रखें।

**ञ. कमीशन/शुल्क की अदायगी**

बैंक बीसी को तर्कसंगत कमीशन/शुल्क दे सकते हैं, जिनकी दर और मात्रा की आवधिक रूप से समीक्षा की जानी चाहिए । बीसी के साथ किये गये करार में इसका स्पष्ट उल्लेख रहना चाहिए कि बैंक की ओर से उनके द्वारा दी गयी सेवा के लिए वे ग्राहकों से सीधा कोई शुल्क नहीं लेंगे । कमीशन या प्रोत्साहन की प्रणाली इस प्रकार बनायी जानी चाहिए ताकि केवल ग्राहकों की संख्या या लेनदेन के परिमाण में वृद्धि के कारण कमीशन न बढ़े । पारिश्रमिक में नियत और परिवर्तनशील अंश होना चाहिए जो अन्य बातों के साथ-साथ ग्राहक संतुष्टि की माप या सूचना पर निर्भर होना चाहिए । सेवा में कमी होने की स्थिति में, परिवर्तनशील पारिश्रमिक का कुछ अंश आस्थगित किया जा सकता है या वापस लिया जा सकता है ।

बैंकों को (बीसी को नहीं) यह अनुमति दी जाती है कि वे पारदर्शी तरीके से ग्राहकों से तर्कसंगत सेवा प्रभार वसूल सकते हैं।

**ट. बीसी के माध्यम से लेनदेन करना**

चूंकि व्यवसाय प्रदाता/प्रतिनिधियों जैसे मध्यस्थकों की नियुक्ति में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठा संबंधी, कानूनी और परिचालन जोखिम हैं, अत: बैंकों को इन जोखिमों पर समुचित विचार करना चाहिए। बैंकों को किफायती तरीके से अपनी पहुंच बढ़ाने के अलावा जोखिम प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकी आधारित समाधान अपनाना चाहिए। सामान्यतया लेनदेन बैंक के कोर बैंकिंग समाधान से अविच्छिन्न रूप से जुड़े आइसीटी उपकरणों (हैंडहेल्ड डिवाइस/मोबाइल फोन) के माध्यम से किया जाना चाहिए । लेनदेनों का हिसाब तात्कालिक आधार पर होना चाहिए और ग्राहकों को दृश्य माध्यमों (स्क्रीन आधारित) या अन्य माध्यमों (नामे या जमा पर्ची) से अपनी लेनदेन का तुरंत सत्यापन मिलना चाहिए।

बीसी से संबंधित योजनाएँ बनाते समय बैंकों को खान समूह की रिपोर्ट के अध्याय III में की गयी सिफारिशों तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 3 नवंबर 2006 को जारी आउटसोसिग्ं दिशानिर्देशों (भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध) से मार्गदर्शन प्राप्त करना चाहिए। बीसी के साथ की गयी व्यवस्था में निम्नलिखित निर्दिष्ट किया जाएगा :

i) मध्यस्थकों द्वारा नकदी रखने की उपयुक्त सीमा तथा वैयक्तिक ग्राहक के भुगतान और जमा की सीमा;

ii) ग्राहक से प्राप्त नकदी की प्राप्ति सूचना बैंक की ओर से एक रसीद जारी कर दी जानी चाहिए।

iii) सभी ऑफ-लाइन लेनदेनों का लेखांकन होना चाहिए तथा दिवस की समाप्ति तक बैंक की बहियों में उनकी प्रविष्टि होनी चाहिए; और

iv) ग्राहक के साथ किए गए सभी करारों /संविदाओं में स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए कि बैंक बीसी के सभी कार्यों और त्रुटियों के लिए ग्राहक के प्रति जिम्मेवार होगा।

**ठ. आंतरिक नियंत्रण और निगरानी**

बैंकों को अपने व्यवसाय प्रतिनिधियों के कार्य-निष्पादन की विस्तृत समीक्षा वर्ष में कम-से-कम एक बार करनी चाहिए और अपने नियंत्रक कार्यालयों के माध्यम से तथा अग्रणी बैंक योजना के अंतर्गत विभिन्न मंचों अर्थात् एसएलबीसी, डीएलसीसी, बीएलबीसी के माध्यम से भी बीसी की गतिविधियों की निगरानी करनी चाहिए। बैंकों की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में आवधिक अंतराल पर व्यवसाय प्रतिनिधियों के यहाँ दौरा और ग्राहकों से आमने-सामने बातचीत शामिल होनी चाहिए।

## ड. उपभोक्ता सुरक्षा के उपाय

बैंकों को ग्राहकों के हित की रक्षा करने के लिए हर प्रकार का उपाय करना चाहिए । सुरक्षा के ऐसे कुछ उपाय नीचे दिये जा रहे हैं :

i. एक जन-सभा में गाँव के बुजुर्गों और सरकारी पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैंक के पदाधिकारियों को बीसी के खुदरा केंद्र /उप एजेंट का जनता से व्यक्तिगत परिचय कराना चाहिए ताकि कोई छल-कपट/धोखाधड़ी न हो ।

ii. उत्पाद और प्रक्रियाएँ बैंकों द्वारा अनुमोदित होनी चाहिए तथा बीसी को संबंधित बैंक के अनुमोदन के बिना कोई उत्पाद/प्रक्रिया आरंभ नहीं करनी चाहिए ।

iii. प्रत्येक खुदरा केंद्र/उप एजेंट से यह अपेक्षा की जा सकती है कि वे स्थानीय भाषा में एक सूचना प्रदर्शित करें, जिसमें बैंक के सेवाप्रदाता के रूप में उनकी स्थिति दी जानी चाहिए तथा बीसी का नाम, बैंक की आधार शाखा/नियंत्रक कार्यालय और बैंकिंग लोकपाल के टेलीफोन नं. तथा उस केंद्र में उपलब्ध सभी सेवाओं के लिए शुल्क की सूचना दी जानी चाहिए ।

iv. बीसी के खुदरा केंद्रों /उप एजेंटों द्वारा दी गयी वित्तीय सेवाओं को ऐसी कंपनी के किसी उत्पाद की बिक्री से नहीं जोड़ा जाना चाहिए ।

v. विभिन्न सेवाओं के लिए, लिये जाने वाले प्रभार एक ब्रोशर में दर्शाये जाने चाहिए और उन्हें खुदरा केंद्रों /उप एजेंटों के पास उपलब्ध कराया जाना चाहिए ।

vi. बैंकों को स्थानीय भाषाओं में उपयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम /सामग्री तैयार करनी चाहिए ताकि बीसी/उप एजेंटों में समुचित मनोवृत्ति और क्षमता विकसित की जा सके ।

vii. सामाजिक जाँच के एक उपाय के रूप में आवधिक रूप से प्रखंड स्तर पर बैठकें हो सकती हैं जिनमें उस क्षेत्र की जनता, उस क्षेत्र में कार्यरत बीसी और उनसे संबंद्ध शाखा प्रबंधकों को बुलाया जाए ताकि वे अपनी कठिनाइयां बता सकें तथा उनसे फीडबैक प्राप्त किया जा सके । अग्रणी बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) जिले में ऐसी बैठकों में शामिल हो सकते हैं तथा प्रत्यक्ष फीडबैक प्राप्त कर सकते हैं और नियंत्रक कार्यालयों को ऐसा फीडबैक प्रदान कर सकते हैं ।

viii. बैंक के पास आवश्यक कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) होनी चाहिए ताकि बीसी/उप एजेंटों के साथ एजेंसी व्यवस्था समाप्त करने की स्थिति में बाधारहित सेवा सुनिश्चित की जा सके ।

ix. यदि कोई कंपनी एक से अधिक बैंकों का बीसी हो तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ग्राहकों के आँकड़े और खातों के ब्यौरे अलग-अलग रखे जाते हैं और वे आपस में नहीं मिल जाते हैं ।

## ढ. शिकायत निवारण

बैंकों को बीसी द्वारा दी गयी सेवाओं के संबंध में शिकायत निवारण के लिए बैंक के भीतर एक शिकायत निवारण प्रणाली गठित करनी चाहिए और इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट माध्यमों से उसका व्यापक प्रचार करना चाहिए । बैंक के

निर्दिष्ट शिकायत निवारण अधिकारी का नाम और संपर्क टेलीफोन नं. प्रदर्शित किया जाना चाहिए और उसका व्यापक प्रचार किया जाना चाहिए। निर्दिष्ट अधिकारी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ग्राहकों की सच्ची शिकायतें शीघ्र दूर की जाती हैं । बैंक की शिकायत निवारण प्रक्रिया और शिकायतों के उत्तर भेजने के लिए नियत समय सीमा बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित होनी चाहिए । यदि कोई शिकायतकर्ता शिकायत जमा करने की तारीख से 60 दिनों के भीतर बैंक से कोई संतोषजनक उत्तर नहीं प्राप्त करता है तो उसे यह विकल्प रहेगा कि वह अपनी शिकायतों के निपटान के लिए संबंधित बैंकिंग लोकपाल कार्यालय से संपर्क करे ।

**ण. ग्राहक शिक्षण**

वित्तीय साक्षरता और वित्तीय शिक्षण, करोबारी रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए तथा बीसी मोडल अपनाने वाले बैंकों की प्रतिबद्धता का अंग होना चाहिए । बैंकों को अपने ग्राहकों को बैंकिंग आदत के लाभ के संबंध में, उनकी संबंधित जन-भाषा में शिक्षित करने के लिए किये जाने वाले प्रयास में महत्वपूर्ण वृद्धि करनी चाहिए । बैंकों द्वारा नियुक्त व्यवसाय प्रतिनिधियों के संबंध में सूचना संबंधित बैंकों की वेबसाइटों पर प्रदर्शित की जानी चाहिए । बैंकों की वार्षिक रिपोर्ट में बीसी मोडल के माध्यम से बैंकिंग सेवाएँ देने में हुई प्रगति तथा इस संबंध में बैंकों द्वारा की गयी पहल की रिपोर्ट होनी चाहिए । बैंक अपने बीसी मोडल के कार्यान्वयन का व्यापक प्रचार करने के लिए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (जन-भाषा में भी ) का भी प्रयोग कर सकते है ।

## 9. दरवाजे पर (डोर स्टेप) बैंकिंग

रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार बैंकों को अपने निदेशक मंडलों की अनुमति से अपने ग्राहकों को (जिसमें व्यक्ति, कंपनी, सरकारी उपक्रम, सरकारी विभाग आदि शामिल हैं) डोर- स्टेप बैंकिंग की सुविधाएं देने के लिए योजनाएं बनाने की अनुमति दी गई है ।

## 10. परिसरों का अधिग्रहण

(i) बैंकों को अपने उपयोग के लिए (अर्थात् कार्यालय और स्टाफ के आवास के लिए) लीज़/किराया आधार पर मकान अधिग्रहीत करने, परिसर भाड़े पर लेने, परिसर स्वामियों को किराया जमा/अग्रिम देने, की सभी शक्तियाँ प्रदान की गयी हैं।

(ii) शाखाएं खोलने के लिए परिसर अधिगृहीत करते समय बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शाखा के स्थान के संबंध में नगर निगम/नगरपालिका/शहरी क्षेत्र प्राधिकरी/ग्राम पंचायत अथवा किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी के स्थानीय मानदंडों/कानूनों का पालन किया जाता है ।

(iii) बैंकों से यह अपेक्षित है कि वे अपनी ऐसी शाखाओं/कार्यालयों की सूची जो ऐसे परिसरों से परिचालित हो रहे हैं जिनका विवाद भू-स्वामियों के साथ लंबित है, तिमाही आधार पर, तिमाही के समाप्त होने के एक महीने की अवधि के भीतर, संबंधित क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक (अर्थात् लंबित विवाद वाली शाखा/कार्यालय रिज़र्व बैंक के जिस क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्राधिकार में कार्यरत हो) को प्रेषित करें। महाराष्ट्र/गोवा में स्थित शाखाओं/कार्यालयों के

संबंध में सूचना क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, मुंबई - 400 001 को प्रस्तुत की जानी चाहिए।

## 11. केंद्रों का जनसंख्या समूह-वार वर्गीकरण

(i) किसी केंद्र (शहर/कस्बा/गांव) का सही वर्गीकरण जैसे, ग्रामीण, अर्ध शहरी, शहरी या महानगरीय, करने के प्रयोजन के लिए बैंक को चाहिए कि राजस्व केंद्र के सही नाम का उल्लेख करे और केवल इलाके का उल्लेख न करे। इस प्रयोजन के लिए खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत, तहसीलदार/ नगरपालिका या नगर निगम के कार्यालय/ज़िलाधीश या ज़िला जनगणना प्राधिकारी के कार्यालय से भी वर्गीकरण प्राप्त किया जा सकता है। इसके अलावा बैंक अपनी वार्षिक योजना प्रस्तावों के साथ बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय से संपर्क करने से पहले केंद्र के जनसंख्या समूहवार वर्गीकरण के संबँध में सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग, बैंकिंग सांख्यिकी प्रभाग,भारतीय रिज़र्व बैंक, सी-8/9, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई - 400 051 से भी पता कर सकते हैं।

(ii) कस्बों/गांवों/क्षेत्रों के समामेलन के कारण जिलों के बीच गांवों/केंद्रों के आबंटन/पुनर्गठन के फलस्वरूप किसी केंद्र की जनसंख्या श्रेणी में कोई परिवर्तन हो गया हो तो ऐसी स्थिति में बैंकों के प्रधान कार्यालय/ कारपोरेट कार्यालय केंद्रों/स्थान/जिला आदि के परिवर्तनों/पुनर्वर्गीकरण के संबंध में राज्य सरकार/नगर निगम/नगरपालिका शहरी क्षेत्र प्राधिकारी/ग्राम पंचायत अथवा परिवर्तनों का साक्ष्य देने वाले अन्य किसी सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त सभी संबंधित दस्तावेजों (राजपत्र अधिसूचना सहित) के साथ सांख्यिकीय विश्लेषण और कंप्यूटर सेवा विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंकिंग सांख्यिकी प्रभाग, सी-8/9, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई - 400 051 से संपर्क करें।

## 12. भारतीय रिज़र्व बैंक को सूचना देना

### (i) क्षेत्रीय कार्यालयों/बैंपविवि., केंका. को सूचना देना

बैंकों को मोबाइल शाखा/ मोबाइल एटीएम सहित किसी नये स्थान पर कारोबार आरम्भ करने, उसे बंद करने, विलयन करने, कारोबार के किसी वर्तमान स्थान की जगह बदलने या परिवर्तन के ब्योरे, बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को तुरंत और किसी भी हालत में कारोबार आरम्भ करने /बंद करने /विलयन / स्थान बदलने आदि के दो सप्ताह के भीतर सूचित करना चाहिए, जबकि महाराष्ट्र और गोवा की शाखाओं के संबंध में इसकी सूचना बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई को दी जानी चाहिए।

बैंकों द्वारा कॉल सेंटरों को खोलने, बंद करने और स्थान बदलने के ब्योरे भी बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय. (महाराष्ट्र और गोवा के कॉल सेंटरों के संबंध में) को सूचित किये जाने चाहिए।

### (ii) शाखा बैंकिंग सांख्यिकी

बैंकों को चाहिए कि वे हर तिमाही के बाद चौदह दिन के भीतर शाखाओं को खोलने, बंद करने, स्थान बदलने, विलय करने और परिवर्तन के संबंध में सूचना प्रोफार्मा I और II में (**अनुबंध 9**) सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग, बैंकिंग सांख्यिकी प्रभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, कद्रीय कार्यालय, सी-8/9 बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई – 400 051 तथा बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय/ बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग केंद्रीय कार्यालय (महाराष्ट्र तथा गोवा की शाखाओं के संबंध में) को प्रस्तुत करें। इसके अलावा, प्राधिकृत व्यापारी (एडी) शाखाओं की स्थिति में परिवर्तन के संबंध में सूचना निरंतर आधार पर प्रस्तुत की जानी चाहिए। सूचना देने के लिए कुछ न होने की स्थिति में `कुछ नहीं' विवरण प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

(iii) बैंकों को मोबाइल शाखाओं/ कार्यालयों और मोबाइल एटीएम में परिचालन आरम्भ करने की सूचना (अनुबंध 10) में दिये गये प्रोफार्मे III और IV में भेजनी चाहिए।

परिशिष्ट 3

**वार्षिक शाखा विस्तार योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष के दौरान खोली गयी शाखाओं का विवरण**

**बैंक का नाम:-**

**31 मार्च की स्थिति--**

| क्र.सं | विवरण | टीयर-1 | टियर-2 | टियर-3 | टियर-4 | टियर-5 | टियर-6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1 अप्रैल ---- अर्थात् वित्तीय वर्ष की शुरुआत में कुल शाखाओं की संख्या | | | | | | |
| 1.1 | कम बैंक सुविधा वाले राज्यों के कम बैंक सुविधा वाले जिलों में शाखाओं की संख्या | | | | | | |
| 1.2 | बैंक सुविधा रहित ग्रामीण केंद्रों में शाखाओं की संख्या | | | | | | |
| 1.3 | कम बैंक सुविधा वाले राज्यों के कम बैंक सुविधा वाले जिलों में शाखाओं की संख्या जो बैंक सुविधा रहित ग्रामीण केंद्रों में नहीं हैं | | | | | | |
| 1.4 | अन्य | | | | | | |
| 2. | पिछले वर्ष की अपेक्षा से अधिक खोली गयी शाखाओं की संख्या | | | | | | |
| 3. | पिछले वर्ष के दौरान न खोली गयी शाखाएं, अर्थात् पिछले वर्ष की अपेक्षा में कमी | | | | | | |
| 4. | वर्तमान वर्ष के दौरान खोली गयी कुल शाखाओं की संख्या | | | | | | |
| 4.1 | कम बैंक सुविधा वाले राज्यों के कम बैंक सुविधा वाले जिलों में शाखाओं की संख्या | | | | | | |
| 4.2 | बैंक सुविधा रहित ग्रामीण केंद्रों में शाखाओं की संख्या | | | | | | |
| 4.3 | कम बैंक सुविधा वाले राज्यों के कम बैंक सुविधा वाले जिलों में शाखाओं की संख्या जो बैंक सुविधा रहित ग्रामीण केंद्रों में नहीं हैं | | | | | | |
| 4.4 | अन्य | | | | | | |
| 5. | शाखाओं की कुल संख्या 31 मार्च ----- की स्थिति (1 + 2 + 4) | | | | | | |
| 6. | वर्तमान वर्ष के दौरान न खोली गयी शाखाएं, अर्थात् अपेक्षा में कमी | | | | | | |
| 7. | वर्तमान वर्ष के दौरान अपेक्षा से अधिक खोली गयी शाखाओं की संख्या | | | | | | |

**अनुबंध 2**

**जनसंख्या के आधार पर केंद्रों के टियर-वार वर्गीकरण का ब्यौरा**

| **(i) केंद्रों का वर्गीकरण (टियर-वार)** | **जनसंख्या (2001 की जनगणना के अनुसार)** |
| --- | --- |
| टियर 1 - | 1,00,000 तथा उससे अधिक |
| टियर 2- | 50,000 से 99,999 तक |
| टियर 3- | 20,000 से 49,999 तक |
| टियर 4- | 10,000 से 19,999 तक |
| टियर 5- | 5,000 से 9,999 तक |
| टियर 6 - | 5000 से कम |

**(ii) केंद्रों का जनसंख्या -समूह वार वर्गीकरण**

| | |
| --- | --- |
| ग्रामीण केंद्र | 9,999 तक |
| अर्ध-शहरी केंद्र | 10,000 से 99,999 तक |
| शहरी केंद्र | 1,00,000 से 9,99,999 |
| महानगरीय केंद्र | 10,00,000 तथा उससे अधिक जनसंख्या |

**अनुबंध 3**

**अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले ज़िलों की सूची (अनन्तिम -2001 की जनगणना के आधार पर)**

**आंध्र प्रदेश**

1. आदिलाबाद
2. अनंतपुर
3. कड़पा
4. करीमनगर
5. खम्मम
6. कुर्नूल
7. महबूबनगर
8. मेदक
9. नालगोंडा
10. रंगारेड्डी
11. श्रीकाकुलम
12. विजयनगरम
13. वरंगल

**अरुणाचल प्रदेश**

1. चुंगलांग
2. दिबांग वैली
3. ईस्ट कामेंग
4. लोहित
5. लोअर सुबन सिरी
6. तिरप
7. अप्पर सिआंग
8. अप्पर सुबनसिरी

**असम**

1 बारपेटा
2 बोंगाईगांव
3 कचार
4 दरांग
5 धेमाजी
6 धुबरी
7 डिब्रूगढ़
8 गोलपाड़ा
9 गोलाघाट
10 हैलाकांडी

**असम**

11. जोरहट
12. कार्बी आंगलांग
13. करीमगंज
14. कोकराझार
15. लखीमपुर
16. मोरीगांव
17. नगांव
18. नलबरी
19. शिवसागर
20. सोनीतपुर
21. तिनसुकिया

**बिहार**

1. अररिया
2. औरंगाबाद
3. बांका
4. बेगुसराय
5. भागलपुर
6. भोजपुर
7. बक्सर
8. दरभंगा
9. गया
10. गोपालगंज
11. जमुइ
12. जेहानाबाद
13. कैमुर
14. कटिहार
15. खगड़िया
16. किशनगंज
17. लखिसराय
18. मधेपुरा
19. मधुबनी
20. मुंगेर
21. मुजफ्फरपुर
22. नालंदा

**बिहार**

23. नवादा
24. पश्चिमी चंपारण
25. पूर्वी चंपारण
26. पूर्णिया
27. रोहतास
28. सहरसा
29. समस्तीपुर
30. सारण
31. शेखपुरा
32. शिवहर
33. सीतामढ़ी
34. सीवान
35. सुपौल
36. वैशाली

**छत्तीसगढ़**

1. बस्तर
2. बिलासपुर
3. दांतेवाड़ा
4. धमतरी
5. दुर्ग
6. जॉजगीर-चंपा
7. जशपुर
8. कंकेर
9. कवर्धा
10. कोरबा
11. कोरिया
12. महासमुंद
13. रायगढ़
14. रायपुर
15. राजनंदगांव
16. सरगुजा

**दादरा और नगर हवेली**

1. दादरा और नगर हवेली

**गुजरात**

1. अमरेली
2. बनास कांठा
3. भावनगर

**गुजरात**

4. दाहोद
5. जूनागढ़
6. नर्मदा
7. पंच महल
8. पाटण
9. साबर कांठा
10. सूरत
11. सुरेंद्रनगर
12. डान्‍स

**हरियाणा**

1. फतेहाबाद
2. झज्जर
3. जिंद
4. कैथल
5. महेंद्रगढ़

**जम्मू और कश्मीर**

1. अनंतनाग
2. डोडा
3. कुपवाड़ा
4. पुंछ

**झारखंड**

1. बोकारो
2. चतरा
3. देवघर
4. धनबाद
5. दुमका
6. गढ़वा
7. गिरिडीह
8. गोड्डा
9. गुमला
10. हजारीबाग
11. कोडरमा
12. लोहरदगा
13. पाकुड़
14. पलामू
15. पश्चिमी सिंहभूम

**झारखंड**

16. साहेबगंज

**कर्नाटक**

1. बेंगलूर रूरल
2. बीदर
3. चामराजनगर
4. गुलबर्गा
5. कोप्पल
6. रायचूर

**केरला**

1. मालापुरम

**मध्य प्रदेश**

1. बालाघाट
2. बड़वानी
3. बैतूल
4. भिंड
5. छत्तरपुर
6. छिंदवाड़ा
7. दमोह
8. दतिया
9. देवास
10. धार
11. डिंडोरी
12. पूर्वी निमाड़
13. गुना
14. हरदा
15. होशंगाबाद
16. झाबुआ
17. कटनी
18. मंडला
19. मंदसौर
20. मुरैना
21. नरसिंहपुर
22. नीमच
23. पन्ना
24. रायसेन
25. राजगढ़

**मध्य प्रदेश**

26. रतलाम
27. रीवा
28. सागर
29. सतना
30. सीहोर
31. सिवनी
32. शहडोल
33. शाजापुर
34. श्योपुर
35. शिवपुरी
36. सीधी
37. टीकमगढ़
38. उज्जैन
39. उमरिया
40. विदिशा
41. पश्चिमी निमाड़

**महाराष्ट्र**

1. अहमदनगर
2. अकोला
3. अमरावती
4. औरंगाबाद
5. भंडारा
6. बीड़
7. बुलढ़ाणा
8. धुले
9. गडचिरोली
10. गोंडिया
11. हिंगोली
12. जलगांव
13. जालना
14. कोल्हापुर
15. लातूर
16. नांदेड
17. नंदुरबार
18. नासिक
19. उस्मानाबाद
20. परभणी
21. सातारा

**महाराष्ट्र**

22. सोलापुर
23. ठाणे
24. वर्धा
25. वाशिम
26. यवतमाल

**मणिपुर**

1. विष्णुपुर
2. चंदेल
3. चुराचंदपुर
4. इम्फाल ईस्ट
5. इम्फाल वेस्ट
6. तामेंगलाँग
7. थौबाल
8. उखरुल

**मेघालय**

1. ईस्ट गारो हिल्स
2. साऊथ गारो हिल्स
3. वेस्ट गारो हिल्स

**मिज़ोरम**

1. लावांगटलाई
2. सैहा

**नगालैंड**

1. दीमापुर
2. कोहिमा
3. मोकोकचुंग
4. मॉन
5. फेक
6. ट्युएनसंग
7. वोखा
8. जुन्हेबोटो

**उड़ीसा**

1. अंगुल
2. बालंगीर
3. बालेश्वर
4. बारगढ़

**उड़ीसा**

5. भद्रक
6. बौध
7. धेनकनाल
8. गजपति
9. गंजम
10. जाजपुर
11. कालाहांडी
12. कंधमल
13. केंद्रपाडा
14. क्योंझर
15. कोरापुट
16. मलकानगिरी
17. मयूरभंज
18. नवरंगपुर
19. नयागढ़
20. नवापाड़ा
21. पुरी
22. रायगढ़
23. सोनपुर
24. सुंदरगढ़

**पांडिचेरी**

1. यानम

**पंजाब**

1. मनसा

**राजस्थान**

1. अलवर
2. बांसवाड़ा
3. बारन
4. बाड़मेर
5. भरतपुर
6. भीलवाड़ा
7. बूंदी
8. चितौड़गढ़
9. चुरू
10. दौसा
11. धौलपुर

**राजस्थान**

12. डुंगरपुर
13. हनुमानगढ़
14. जालौर
15. झालावाड़
16. झुंझनू
17. जोधपुर
18. करौली
19. नागौर
20. पाली
21. राजसमंद
22. सवाई माधोपुर
23. सीकर
24. टोंक
25. उदयपुर

**सिक्किम**

1. पश्चिमी सिक्किम

**तमिलनाडु**

1. कुडलूर
2. धरमपुरी
3. कांचीपुरम
4. नागपट्टिनम
5. पेरांबलूर
6. पुदुकोट्टै
7. रामनाथपुरम्
8. सेलम
9. तिरुवल्लूर
10. तिरुवरूर
11. तिरुवन्नामलै
12. वेल्लूर
13. विल्लुपुरम

**त्रिपुरा**

1. ढलाई
2. उत्तर त्रिपुरा
3. दक्षिण त्रिपुरा
4. पश्चिम त्रिपुरा

**उत्तर प्रदेश**

1. आगरा
2. अलीगढ़
3. इलाहाबाद
4. आंबेडकर नगर
5. ओराइया
6. आज़मगढ़
7. बागपत
8. बहराइच
9. बलिया
10. बलरामपुर
11. बांदा
12. बाराबंकी
13. बरेली
14. बस्ती
15. बिजनौर
16. बदायूं
17. बुलंदशहर
18. चंदौली
19. चित्रकूट
20. देवरिया
21. एटा
22. इटावा
23. फैज़ाबाद
24. फर्रुखाबाद
25. फतेहपुर
26. फिरोज़ाबाद
27. गाज़ीपुर
28. गोंडा
29. गोरखपुर
30. हमीरपुर
31. हरदोई
32. हाथरस
33. जालौन
34. जौनपुर
35. झांसी
36. ज्योतिबाफुले नगर
37. कनौज
38. कौशांबी
39. खीरी
40. कुशी नगर

**उत्तर प्रदेश**

41. ललितपुर
42. महाराजगंज
43. महोबा
44. मैनपुरी
45. मथुरा
46. मऊ
47. मिर्ज़ापुर
48. मुरादाबाद
49. मुजफ्फर नगर
50. पीलीभीत
51. प्रतापगढ़
52. राय बरेली
53. रामपुर
54. सहारनपुर
55. संत कबीर नगर
56. संत रविदास नगर
57. शाहजहांपुर
58. श्रावस्ती
59. सिद्धार्थनगर
60. सीतापुर
61. सोनभद्रा
62. सुल्तानपुर
63. उन्नाव

**पश्चिम बंगाल**

1. बांकुरा
2. बर्धमान
3. बीरभूम
4. दक्षिण दिनाजपुर
5. हावड़ा
6. हुगली
7. जलपाइगुड़ी
8. कूच बिहार
9. मालदा
10. मेदिनीपुर
11. मुर्शिदाबाद
12. नदिया
13. उत्तरी 24 परगना
14. पुरुलिया
15. दक्षिणी 24 परगना
16. उत्तर दिनाजपुर

**अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले जिलों की कुल संख्या :-** 375

अनुबंध 4

## अपर्याप्त बैंकिंग सुविधा वाले राज्यों में अपर्याप्त बैंकिंग सुविधावाले जिलों की सूची (2001 की जनगणना के आधार पर)

**अरुणाचल प्रदेश**

1. चुंगलांग
2. दिबांग वैली
3. ईस्ट कामेंग
4. लोहित
5. लोअर सुबनसिरी
6. तिरप
7. अपर सिआंग
8. अपर सुबनसिरी

**असम**

1 बरपेटा
2 बोंगाईगांव
3 कचार
4 दरांग
5 धेमाजी
6 धुबरी
7 डिब्रूगढ़
8 गोलपाड़ा
9 गोलाघाट
10 हैलाकांडी
11 जोरहट
12 कार्बी आंगलांग
13 करीमगंज
14 कोकराझार
15 लखीमपुर
16 मोरीगांव
17 नगांव
18 नलबारी
19 शिवसागर
20 सोनितपुर
21 तिनसुकिया

**बिहार**

1. अररिया
2. औरंगाबाद
3. बांका
4. बेगुसराय
5. भागलपुर

**बिहार**

8. दरभंगा
9. गया
10. गोपालगंज
11. जमुई
12. जहानाबाद
13. कैमूर
14. कटिहार
15. खागड़िया
16. किशनगंज
17. लखिसराय
18. मधेपुरा
19. मधुबनी
20. मुंगेर
21. मुजफ्फरपुर
22. नालंदा
23. नावादा
24. पश्चिमी चंपारण
25. पूर्वी चंपारण
26. पूर्णिया
27. रोहतास
28. सहरसा
29. समस्तीपुर
30. सारण
31. शेखपुरा
32. शिवहर
33. सीतामढ़ी
34. सिवान
35. सुपौल
36. वैशाली

**छत्तीसगढ़**

1. बस्तर
2. बिलासपुर
3. दांतेवाड़ा
4. धमतारी
5. दुर्ग
6. जंजगीर-चंपा

6. भोजपुर
7. बक्सर

**छत्तीसगढ़**

9. कावर्धा
10. कोरबा
11. कोरिया
12. महासमुंद
13. रायगढ़
14. रायपुर
15. राजनंदगांव
16. सरगुजा

**दादरा और नागर हवेली**

1. दादरा और नागर हवेली

**झारखंड**

1. बोकारो
2. चतरा
3. देवघर
4. धनबाद
5. दुमका
6. गढ़वा
7. गिरिडीह
8. गोड्डा
9. गुमला
10. हजारीबाग
11. कोडेरमा
12. लोहरदगा
13. पाकुर
14. पलामू
15. पश्चिमी सिंहभूम
16. साहेबगंज

**मध्य प्रदेश**

1. बालाघाट
2. बड़वानी
3. बैतूल
4. भिंड
5. छतरपुर
6. छिंदवाड़ा
7. दामोह
8. दतिया
9. देवास
7. जशपुर
8. कंकेर

**मध्य प्रदेश**

14. हरदा
15. होशंगाबाद
16. झाबुआ
17. कटनी
18. मंडला
19. मंदसौर
20. मुरैना
21. नरसिंहपुर
22. नीमच
23. पन्ना
24. रायसेन
25. राजगढ़
26. रतलाम
27. रीवा
28. सागर
29. सतना
30. सीहोर
31. सिवनी
32. शहडोल
33. शाजापुर
34. शिवपुर
35. शिवपुरी
36. सीधी
37. टीकमगढ़
38. उज्जैन
39. उमरिया
40. विदिशा
41. पश्चिमी निमाड़

**मणिपुर**

1. विष्णुपुर
2. चंदेल
3. चुरचंदपुर
4. इम्फाल ईस्ट
5. इम्फाल वेस्ट
6. तामेंगलाँग
7. थौबाल
8. उखरुल

10. धार

11. डिंडोरी

12. पूर्वी निमाड़

13. गुना

**मिझोराम**

1 लांगटलाई

2 सैहा

**नगालैंड**

1 दीमापुर

2 कोहिमा

3. मोकोकचुंग

4. मॉन

5. फेक

6. ट्युएनसंग

7. वोखा

8. जुन्हेबोटो

**उड़ीसा**

1 अंगुल

2 बालंगीर

3 बालेश्वर

4 बारगढ़

5 भद्रक

6 बौध

7 धेनकनाल

8 गजपति

9 गंजाम

10 जाजपुर

11 कालाहांडी

12 कंधमाल

13 केंद्रपाड़ा

14 केओनझार

15 कोरापुट

16 मालकाँगिरी

17 **मयूरभंज**

